हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025



### बैठक 13 को

**राजनांदगांव।** कोसरिया यादव समाज द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने को लेकर आगामी 13 जुलाई को दोपहर 2 बजे क्लब चौक हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन बसंतपुर में बैठक रखी गई है। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने एवं भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा व झांकी निकालने के संबंध में बैठक रखी गई है।

फेस लिफ्ट
• बोटाक्स
• फिलर
• थ्रेड लिफ्ट
• स्कीन पॉलिशिंग
• लेज़र फेशियल
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN (PLASTIC SURGEON)
ब्लू वीनस प्लास्टिक सर्जरी
जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800

ओम हॉस्पिटल
आई सी यू विभाग
• जीरो इंफेक्शन युक्त आधुनिक 32 बेड आई.सी.यू
• अनुभवी एवं विशेषज्ञ गहन चिकित्सा टीम
• मेडिकल एवं सर्जिकल गहन चिकित्सा
• अत्याधुनिक मशीनों द्वारा देखभाल एवं ईलाज
• विशेष प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ
• रोड एक्सीडेंट्स, सभी प्रकार के ट्रामा एवं इमरजेंसी गहन चिकित्सा
• जहर, सर्पदंश इलेक्ट्रिक शॉक
• मस्तिष्क, गुर्दा रोग, फेफड़े लकवा एवं हड्डी संबंधित समस्याओ के लिए विशेष व्यवस्था
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

## भारी बारिश का असर, तटीय बसे गांव में बाढ़ का अलर्ट

# बैराज से छोड़ा 12 हजार क्यूसेक पानी दो ग्रामीण बहे, वनांचल की स्कूलें बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले चार दिनों से प्रदेशभर में हो रही भारी बारिश का असर अब दिखने लगा है। जिले में भी लगातार बारिश से शिवनाथ का जलस्तर बढ़ने लगा है। जलाशयों से भी शिवनाथ में लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। बुधवार को भी जलाशयों से शिवनाथ में 12 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिसकी वजह से नदी किनारे बसे गांव में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने सभी गांव में अलर्ट जारी कर दिया है। इधर भारी बारिश को देखते हुए मोहला-मानपुर-चौकी जिले के शिक्षा विभाग ने बुधवार को सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी थी।

भारी बारिश के चलते अब बारिश का आंकड़ा सुधर गया है। जिले में अब तक 250 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो कि सामान्य के मुकाबले 4 फीसदी तक अधिक है। इधर बारिश के बाद किसानों को कुछ राहत जरूर मिली है। जिलेभर में अधिकांश रकबे में बोनी की प्रक्रिया कर ली गई है। मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे झारखंड के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर अमृतसर, चंडीगढ़, निजिमाबाद, शाहजहांपुर, कानपुर, डाल्टनगंज, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र तक, दक्षिण गुजरात, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, दक्षिण छत्तीसगढ़, उड़ीसा होते हुए 4.5 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पश्चिम असम से तेलंगाना तक, दक्षिण छत्तीसगढ़ होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



### पुल पार करते बाढ़ में बहे साइकिल सवार, तलाश जारी

गैंदाटोला से फाफामारा मार्ग पर स्थित छोटा नाला नदी के पुल को पार करते समय आज शाम साइकिल सवार दो व्यक्ति पानी के तेज बहाव में बह गए। छुरिया विकासखंड के गैंदाटोला निवासी 55 वर्षीय केशवराम धर्मगुड़े और 38 वर्षीय वीरेंद्र यादव शाम लगभग 6.30 बजे साइकिल पर सवार होकर घर जा रहे थे, तभी छोटा नाला पुल पर अधिक पानी होने से दोनों साइकिल से उतरे और केशव साइकिल पकड़कर पैदल चलने लगा, उसके पीछे वीरेंद्र यादव भी था। दोनों जैसे ही पुल के बीच पहुंचे, नदी के तेज बहाव में दोनों साइकिल सहित बह गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों के बहने की सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। जिसके बाद उनकी तलाश शुरू की गई, लेकिन कुछ देर ढूंढने के बाद भी वे दोनों नहीं मिले।

### जिले में अब तक इतनी बारिश

जिले में एक जून से अब तक कुल 250 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यह सामान्य के मुकाबले 104 फीसदी है। डोंगरगढ़ में 290 मिमी, एलबी नगर में 202 मिमी, राजनांदगांव में 351 मिमी, घुमका में 281 मिमी, छुरिया में 249 मिमी, कुमरदा में 205 मिमी और डोंगरगांव में 175 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब जिले में केवल एलबी नगर, कुमरदा और डोंगरगांव ब्लॉक ही सामान्य बारिश से पीछे चल रहे हैं।

### मोंगरा से छोड़ा सर्वाधिक पानी

पिछले तीन दिनों के दौरान लगातार मोंगरा बैराज से शिवनाथ में पानी छोड़ा गया है। बुधवार को भी शिवनाथ नदी में मोंगरा बैराज से 8 हजार क्यूसेक, घुमरिया जलाशय में 2400 क्यूसेक, सूखानाला जलाशय से 1700 क्यूसेक और खातूटोला बैराज से 600 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे पहले भी मोंगरा से शिवनाथ में पानी छोड़ा गया है। जिसकी वजह से नदी किनारे बसे गांव में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### बिना कुर्सी-टेबल का राहत केंद्र

इधर मोहला-मानुपर-चौकी जिले में प्रशासन द्वारा बनाए गए बाढ़ नियंत्रण कक्ष केवल नाम के लिए खोल दिया गया है। बताया गया कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों के बैठने के लिए टेबल-कुर्सी तक उपलब्ध नहीं है। कर्मचारी दिनभर इधर-उधर घूमकर अपना समय काटते हैं। केवल दो कर्मचारियों की तैनाती कर जिले में बाढ़ नियंत्रण कक्ष का संचालन किया जा रहा है।

### आरेंज अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने अंचल को लेकर अगले 24 घंटे के लिए बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं प्रदेश में कल 10 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने की भी संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मध्य छत्तीसगढ़ के जिले संभावित है।

## मंदिर सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा होंगे आयोजन

# गूंजेगा गुरूवे नमः गुरु पूर्णिमा आज, श्रद्धा भक्ति का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


पर्वों की श्रृंखला में कल 10 जुलाई को अंचल में गुरू पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई जाएगी। इस मौके पर गुरू की पूजा-अर्चना सहित विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन शहर सहित ग्रामीण इलाकों में आयोजित किए जाएंगे।

पंचाग के अनुसार प्रतिवर्ष गुरू पूर्णिमा का पर्व आषाढ़ महीने की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। आषाढ़ महीने की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत कल 10 जुलाई को रात 1.37 बजे पर होगी और अगले दिन 11 जुलाई को रात 2.7 मिनट पर तिथि खत्म होगी। गुरूपूर्णिमा पर्व 10 जुलाई को मनाया जाएगा।

पंडितों के मुताबिक आषाढ़ पूर्णिमा व्यास पूर्णिमा व वेदव्यास जयंती के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन महान गुरू वेदव्यास का जन्म हुआ था। महर्षि वेद व्यास ने महाभारत, ब्रम्हसूत्र, श्रीमत भागवत, अठारह पुराण जैसे साहित्यों की रचना की। गुरूपूर्णिमा को गुरूपूजन के लिए खास दिवस माना गया है। इस पर्व पर स्नान, ध्यान एवं दान करने का विशेष महत्व बताया गया है।

**निकलेगी सांई की पालकी**

श्री सांई सेवा धर्मार्थ संस्थान द्वारा हमालपारा शनि मंदिर रोड में गुरू पूर्णिमा पर भव्य आयोजन किए जाने की तैयारी है। कार्यक्रम के तहत 10 जुलाई को श्री सांई बाबा की आरती एवं अभिषेक प्रातः 7 बजे एवं बाबा की पालकी संध्या 7 बजे से निकाली जाएगी। आयोजकों के अनुसार बाबा की प्रसादी भंडारा 11 जुलाई को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बनने की संभावना है। इधर विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं सहित अन्य संस्थाओं द्वारा भी विविध धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम किए जाएंगे।



### 11 से सावन का आगाज

गुरूपूर्णिमा पर्व के बाद 11 जुलाई से सावन माह का आगाज हो रहा है। इस महीने सावन सोमवार, नागपंचमी से लेकर हरियाली अमावस्या, रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाया जाएगा। सावन का पूरा माह भगवान शिव को समर्पित होगा। जिसके तहत मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति, अभिषेक व पूजा-अर्चना का दौर के साथ कांवड़ यात्रा निकलेगी। सावन का भक्तों को बेसब्री से इंतजार है।

### शहर के मंदिरों में व्यापक तैयारी

अंचल के मंदिरों एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा गुरू पूर्णिमा पर्व को विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाए जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है। शहर के प्रख्यात बर्फानी आश्रम में दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 9 जुलाई से प्रारंभ हो गया है। जिसके तहत विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत 10 जुलाई को प्रातः 8 बजे से श्री गुरूदेव की पालकी व शोभायात्रा आश्रम परिसर में भ्रमण करने के पश्चात श्री बर्फानी दादाजी का गुरू परिवार के सदस्यों व भक्तों द्वारा पंचामृत, गंगाजल, दुग्धाभिषेक व शुद्ध जल से अभिषेक कर महाआरती उतारी जाएगी। इधर शीतला मंदिर, बाला बाबा मंदिर, जमातपारा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तैयारियां की गई है।

# 17 वर्षीय किशोर ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के वार्ड क्रमांक 1 में एक 17 वर्षीय नाबालिग ने अज्ञात कारणों से अपने घर के किचन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार दोपहर लगभग 1 से 1.30 बजे के बीच हुई।

मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया वार्ड नंबर 1 निवासी डोमेश साहू (17 वर्ष) पिता संतोष उर्फ कवली साहू ने अपने घर के किचन में पंखे से टॉवेल बांधकर फांसी लगा ली। ग्रामीणों ने बताया कि डोमेश साहू पंडरिया स्थित मां शारदा प्राइवेट स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र था।

फांसी लगाने से पहले डोमेश ने घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था, जब उसका बड़ा भाई घर आया और देखा कि मुख्य दरवाजा अंदर से बंद है तो उसने आवाज लगाई। कोई जवाब न मिलने पर उसने किचन की खिड़की से आवाज दी और तब उसने देखा कि उसका छोटा भाई फांसी पर लटका हुआ है।

उसने तुरंत घरवालों को सूचित किया और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए गंडई अस्पताल भेजा गया। देर शाम तक पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गंडई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
एजेंसी देना है
अंबागढ़ चौकी में दैनिक 'हरिभूमि' की एजेंसी देनी है तथा संवाददाता नियुक्त करना है। सक्षम एवं इच्छुक व्यक्ति सुरक्षाधन के साथ तत्काल संपर्क करें।
हरिभूमि जिला कार्यालय
दुर्गा चौक, राजनांदगांव
मो.9425240405, 8319268069, 9425565082

टीचर की आवश्यकता है
सरदार पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल कुंडा (पंडरिया) में कक्षा 9 वी से 12 वी कक्षा के लिए अंग्रेजी की अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाओं (Teacher) की आवश्यकता है।
संपर्क करें
99818 82533, 80102 02032

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• सिर दर्द (माईग्रेन)
• मिर्गी
• लकवा
• ब्रेन ट्यूमर
• ब्रेन हेमरेज
• साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411



## खबर संक्षेप

### नशा से दूर रहने का आह्वान



**कहगांव।** उच्चतर माध्यमिक शाला भर्रीटोला के बच्चों ने नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकालकर गांव का भ्रमण करते हुए लोगों से नशा से दूर रहने का आव्हान किया। रैली में शिक्षक भी शामिल हुए उन्होंने भी नशा मुक्ति को लेकर लोगों को जागरूक किया।

### भरूहाटोला में बालसभा का गठन

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में 9 जुलाई को प्रधान पाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में बालसभा का गठन किया गया। बाल सभा में प्रधानमंत्री मोक्ष कुमार साहू, शिक्षा मंत्री खेमन साहू, खेल संस्कृति एवं खाद्य मंत्री टमेश्वरी नेताम, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री शिवन्या साहू, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री डिम्पल उइके, सुरक्षा एवं जनसंपर्क मंत्री जानवी साहू को बनाया गया है। इसी प्रकार कक्षा नायक कक्षा पहली देवराज पडोती, दूसरी में जानवी मंडावी, तीसरी में शिवम वर्मा, चौथी में रेशमा साहू, पांचवी में देवराज सिंह नेताम को बनाया गया है।



### गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

**भंडारपुर।** ग्राम पंचायत भंडारपुर करेला में शंकराचार्य निश्चलानंद महाराज एवं ब्रम्हलीन पीठाधीश्वर बालक भगवान के सुक्ष्म सानिध्य में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। शिष्य परिवार के तत्वाधान में आयोजित महोत्सव में प्रातः 10 बजे पादुका पूजन, महाआरती, प्रवचन के बाद प्रसादी वितरण होगा। इसी क्रम में डोंगरग में विश्व जागृति मिशन के संस्थापक संत सुधांशु महाराज के सानिध्य में कल 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। खेमका निवास में शाम 6 बजे से गुरु पाद पूजन, सत्संग होगा। मिशन के अध्यक्ष एनआर देवांगन, संयोजक गोपाल खेमुका ने सभी साधकों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।


### पशुपतिनाथ मंदिर में आरती का आयोजन

**डोंगरगढ़।** पशुपतिनाथ महिला मंडली ब्राम्हणपारा द्वारा प्रतिदिन भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में आरती का आयोजन किया जा रहा है जिससे भक्तिमय माहौल बना रहता है। महिला मंडली द्वारा आरती के साथ हर मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ, अभिषेक का आयोजन किया जाता है। समय समय में भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुषमा मिश्रा, सुनीता सेंगर, प्रतिमा, मीणा, भानू गजेंद्र, रतनीसिंह, तीजन पटेल, अनिता पटेल, लता ठाकुर, पार्वती सेंगर, साधना शर्मा, नूतन शर्मा, उमा ठाकुर, चुन्नी यदु, नम्रता यदु, सीमा, रश्मिसिंह, सुभद्रा सिन्हा, निर्मला ठाकुर, कामिनी साहू, अरूणा मंडावी आदि उपस्थिति दर्ज करा रही है।



### गुरू पूर्णिमा आज, नर्मदा में अभिषेक 21 को

**सड़क अतरिया।** अंचल कल गुरूवार को गुरू पूर्णिमा उल्लास से मनाया जाएगा। चोरड़ाधाम, सिद्ध बाबा मंदिर में पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। चोरड़ाधाम लोगों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। हर साल यहां गुरू पूर्णिमा भक्तिमय माहौल में मनाया जाता है। इसी तरह कुछ स्कूलों में पर्व को मनाने की तैयारी किया गया है। पर्व के दूसरे दिन शिव आराधना का माह सावन शुरू हो रहा है। सावन में शिवालय भक्तों से गुलजार रहेगा। सोमवार को चोरड़ाधाम स्थित डोंगेश्वर महादेव मंदिर, नर्मदा स्थित लोधेश्वर मंदिर, घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर सहित अन्य शिवालय में भक्तों की कतार देखने मिलेगी। जानकारी के अनुसार आगामी 21 जुलाई को नर्मदा मंदिर परिसर में सामूहिक रूद्र अभिषेक का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में पं. सूरज उपाध्याय, पं. विकेश शास्त्री, रविन्द्र तिवारी, कोमल दुबे शामिल होंगे।



### कॉलेज खोलने की मांग

**खड़गांव।** गांव में महाविद्यालय नहीं होने से अंचल के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। व्यापारी संघ के तोमन साहू ने आरोप लगाया कि लगातार मांग के बाद भी खडगांव क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अंचल के बच्चों को बारहवी तक पढ़ाई करने के बाद कालेज पढ़ने के लिए 25 से 30 किमी दूर जाना पड़ता है जिसके चलते कईबच्चे कालेज की पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं। बीते दिनों महाविद्यालय की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। श्री साहू ने बताया कि महाविद्यालय की क्षेत्र में बहुत आवश्यकता है।आगामी समय में महाविद्यालय नहीं खोला गया तो उग्र आंदोलन भी हो सकता है।

### डॉक्टर्स-डे पर रमन का सम्मान

**राजनांदगांव।** एक जुलाई डॉक्टर्स-डे पर संस्कारधानी सेवा संस्थान के बैनर तले प्रबुद्धजनों द्वारा विधनसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. सिंह को साफा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर व नारियल भेंटकर उनका सम्मान किया गया। समिति द्वारा डॉ. प्रकाश खुटे और डॉ. प्रकाश सदानी का भी विशेष सम्मान इसी तर्ज पर किया गया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, राजेश श्यामकर सहित संस्कारधानी सेवा संस्थान के राजू डागा, आलोक बिंदल, योगेश खत्री, राजा मखीजा, संजू तेजवानी, अशोक पांडे, उत्तम गुड़िया, विष्णु ढीमर आदि उपस्थित थे।



### विवेकानंद की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** कान्फ्लूएंस कॉलेज की विस्तार गतिविधि के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एलुमनी एसोसिएशन और शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय पारीकला के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर पुष्पांजलि किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हर युवा के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने अपने जीवन में जो उपलब्धियां अर्जित की, वह केवल उन तक सीमित नहीं रहे, बल्कि भारत और देशवासियों के लिए भी सम्मान योग्य बन गई। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद राष्ट्र सेवा के संकल्प को साकार करने श्रेष्ठ आदर्श की प्रेरणा देकर अपने युवाओं का मार्गदर्शास्त्र किया। उनके विचार आज भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रेरणा स्त्रोत भी स्वामी विवेकानंद है।

## लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, जाम के हालात भी बने

# नदियों ने लांघा तट, खेत हुए लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर से सटकर बहने वाली शिवनाथ, घुमरिया सहित पैरी नदी और आसपास के नालों में शनिवार पानी का नामोनिशान तक दिखाई नहीं दे रहा है। रविवार से बुधवार सुबह तक लगातार बारिश होने के बाद नदी लबालब हुई है साथ पानी नदी के तट कर लांघते हुए खेत खलिहानों से बहते दिखाई देने लगा है। लगातार बारिश से जन जीवन प्रभावित हुआ है। किसान खुश है किन्तु लगातार बारिश होने से किसानी के काम पर विराम लग गया है।मौसम खुलने के बाद जुताई, बोनी और रोपा लगाने के काम में तेजी आएगी।

अंचल में रविवार से रूक रूक कर बारिश हो रही है। लगातार बारिश होने से सभी नदी नाले उफान पर आ गए है। बारिश ने शहर के कई हिस्सों जल भराव के हालात पैदा कर दिए थे। मंगलवार की रात और बुधवार सुबह बारिश होने के बाद डोंगरगांव- चौकी मार्ग, फव्वारा चौक से कालेज रोड, जन सहयोग मैदान, आत्मानंद स्कूल के पीछे स्थित कालोनी, वार्ड दो के रिहायशी क्षेत्र, जेंटस क्लब मैदान, बाजार क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन गई थी। पानी जाम की शिकायत मिलने के बाद तहसीलदार पीएल नाग, सीएमओ विनम्र जेमा ने मोर्चा संभालते हुए नालियों को साफ करवा कर पानी निकासी का रास्ता साफ कराया जिससे हालात बिगड़ नहीं पाए। छुरिया ब्लाक के ग्राम बीरूटोला में बारिश की झड़ी ने किसानों के लिए परेशानी खड़ी कर दिया है। खेतों में लबालब पानी भरने से यह समझ नहीं आ रहा है कि कौन सा खेत किसका है? मेन रोड पर बने पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण लोग रास्ता पार नही कर पा रहे थे। लोगों की परेशानी को देखते हुए गांव के करन, परमेश्वर, अक्षय, योगेंद्र, अमित नांदेश्वर ने लोगो की मदद किया।

### स्कूलों में भरा पानी, निकला सांप

जानकारी के अनुसार लगातार बारिश होने के बाद ब्लाक के ग्राम कोपेडीह, भोथली, जंतर, आलीखूंटा, बम्हनी चारभांठा, अड़ाम के स्कूल में पानी भरने की जानकारी मिली है। जंतर स्कूल में विषाक्त सांप के निकलने की भी खबर है। जानकारी के अनुसार लगातार बारिश होने से माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित द्वितीय मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को सुबह काफी परेशान होना पड़ा। जानकारी के अनुसार बुधवार को गणित का पेपर था। बालक माध्यमिक शाला और आत्मानंद स्कूल में क्रमशः 13 और 11 छात्र के अनुपस्थित होने की जानकारी मिली है।





## निकासी नहीं होने से घरों में घुसा पानी



### स्कूलों में पानी भरने से पढ़ाई बाधित

**डोंगरगढ़।** रविवार से बुधवार तक लगातार बारिश होने के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कई स्कूलों के आसपास पानी भरने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। कई स्कूलों में शिक्षक समयावधि पर नही पहुंच रहे है। प्राथमिक और मिडिल स्कूल बिना शिक्षक के संचालित हो रहा है। लगातार बारिश को देखते हुए परिजन छात्र छात्राओं को स्कूल भेजने से कतरा रहे है। जानकारी के अनुसार शहर की अवैध कालोनियों में निकासी का प्रबंध नहीं होने के कारण 3 से 4 फुट तक पानी भरने की जानकारी मिली है। अछोली के बगदई पारा के पास स्थित स्लिपर फैक्ट्री के आसपास पानी भरने से मार्ग बंद गया है। बगदई पारा की नई कालोनी में भी निकासी नहीं होने के कारण लगातार पानी जाम हो गया है। जानकारी के अनुसार शासकीय कालोनी एवं कार्यालय में भी पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण जलभराव की स्थिति बनी है।

### सड़क पर गहरे गड्ढे

रेल्वे स्टेषन जाने वाले मार्ग पर बारिश होने के बाद बड़े बड़े गड्ढ हो गए है। गड्ढों को पाटने के लिए पालिका ने मलमा डालकर लोगों के लिए मुसीबत खड़ी कर दिया है। इस मार्ग पर पानी भरने के कारण बच्चे और आम लोग गिर रहे है। लोगों ने बताया कि मलमा डालने से कीचड़ हो गई है जिससे लोग फिसल कर गिर रहे है।

### शिवनाथ का बढ़ा जलस्तर



**सोमनी।** मानसून की सक्रियता के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। बीते तीन दिनों से लगातार बारिश होने के बाद नदी, नालों, खेत-खलिहानों से लेकर रपटा में पानी का स्तर बढ़ गया है। रिकार्ड तोड़ बारिश होने के बाद आसपास क्षेत्र को अलर्ट कर दिया गया है। बुधवार को सुबह से तेज बारिश होने से जन-जीवन प्रभावित हुआ।बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पुल से आवाजाही रोक दिया गया। इधर 24 गांवों को पानी सप्लाई करने वाला इंटकवेल भी नदी में आधा से ज्यादा डूब गया जिसके चलते नलों में गंदा पानी आ रहा है। लगातार बारिश के बाद नदी किनारे स्थित खेतों के किसानों को फसल खराब होने की चिंता सताने लगी है।

### फिर बह गया पुल, रास्ता बंद



**मुरमुंदा।** लगातार बारिश के बाद मुड़पार से जामरी मार्ग की नदी का पुल बह गया है। जानकारी अनुसार यह पुल पिछले साल टूट गया था लेकिन अफसरों ने मिट्टी डलवाकर औचारिकता पूरा कर दिया था। वर्तमान में बारिश होने के बाद पुल फिर बह गया। जगह जगह दरार आने से कभी भी डहने का भय बना हुआ है जिससे बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है। बताया जाता है कि रेत माफिया इसी रोड से भारी वाहनों से रेत परिवहन कर रहे थे जिससे दरार आ गई थी। अब पुल ढहने के बाद आवागमन बंद हो गया है।बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। ग्रामीण परेशानी में फंस गए है।

### वर्षा जल में कई हेक्टेयर फसल डूबी



**सड़क अतरिया।** आषाढ़ के अंतिम दिनों में झमाझम बारिश से नदी, नाला, नहर में लबालब वर्षा जल आ गया है। बरसात के पूर्व नहरों की सफाई नहीं होने से वर्षा जल की निकासी नहीं हो पा रही है और पानी खेतों की ओर रूख कर रहा है जिससे गुमानपुर, सड़क अतरिया, कुकुरमुड़ा में कई हेक्टेयर फसल जल में डूब गई है। दूसरी तरफ बेहतर बारिश से किसानों की चिंता दूर हो गई। खेतों में पर्याप्त जल का भराव होने से धान की रोपाई कार्य तेज हो गया है।

### बरसात से जर्जर शालाओं की समस्या बढ़ी



**सड़क अतरिया।** बारिश शुरू होते ही जर्जर शालाओं की समस्या गंभीर हो गई है। पूर्व माध्यमिक शाला संड़ी, प्राथमिक शाला चकनार, पूर्व माध्यमिक शाला सड़क अतरिया का भवन काफी जर्जर हो गया है। बरसात में इन विद्यालयों में छात्रों को पढ़ाना मुश्किल हो गया है। छत इस कदर जर्जर हो गई है कि सरिया नजर आने लगी है। छत से पानी टपकता है। कभी कभी मलबा गिर जाता है। दीवारों में भी सीलन होने से करंट आने का डर बना रहता है।

# संगीत विवि में आंदोलन की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बारह बिंदुओं की मांगों को पूरा कराने इंदिरा कला संगीत विवि का गैर शिक्षक कर्मचारी संघ काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन के साथ आज से चरणबद्ध आंदोलन का आगाज करेगा। संघ अध्यक्ष प्रखर शरण सिंह, मधु श्रीवास्तव, मुकेश भट्ट, जेएन साटिया, सौरभ सिंह चौहान, प्रतीक टहनगुरिया, सीआर कुंजाम सहित अन्य ने बताया कि कर्मचारी हित को लेकर संघ लगातार अपनी मांगों के निराकरण की दिशा में सकारात्मक निर्णय के लिए विवि प्रशासन से पत्र व्यवहार करते आ रहा है, लेकिन आज दिनांक तक उक्त मांगों को लेकर किसी भी प्रकार की पहल नही की गई जिसके चलते संघ सदस्यों ने अपनी मांगों को पूरा कराने चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की है जिसमें गुरूवार 10 को काली पट्टी लगाकार विरोध प्रदर्शन, सोमवार 14 को सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन और उसके बाद भी नीतिगत निर्णय नही लेने पर गुरूवार 17 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत होगी।

मांगों को लेकर उन्होंने बताया कि पूर्व में जारी गलत वरिष्ठता सूची को लेकर जिम्मेदारों पर कारवाई, 42 दैवेभो कर्मचारियों की वापसी, हर साल वरिष्ठता सूची का प्रकाशन, विवि में स्वीकृत गैर शैक्षणिक व शैक्षणिक पदों की अभिप्रमाणित रोस्टर की प्रतिलिपि, सेनि कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ, सेनि के चार महीने पहले अंशदान कटौती रद्द कर पेंशन प्रकरण तैयार करने, सातवें वेतनमान अनुसार पेंशन देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने के अलावा परिसर मे संघ के लिए भवन देने की मांग शामिल है।

### थाना प्रभारी ने किया लोगों को जागरूक

**खड़गांव।** थाना प्रभारी संजय यादव ने यातायात व्यवस्था को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने लोगों को हेलमेट का उपयोग करने, तीन सवारी न बैठने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, बिना लाइसेंस गाड़ी न चलाने, सीट बेल्ट का उपयोग करने, सफर के दौरान वाहन के दस्तावेज साथ रखने आदि की जानकारी दी। श्री यादव ने यातायात नियमों का पालन करने कहा।

# मुढ़ीपार में महाविद्यालय खोलने की मांग उठी



**मुढ़ीपार।** मुढ़ीपार क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्राम में महाविद्यालय खोलने की मांग काफी समय से की जा रही है। इस मांग को लेकर पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में धरना प्रदर्शन भी किया गया था। शासन के आदेश पर नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ की प्राचार्य डॉ ईवी रेवती एवं अन्य अधिकारियों ने स्थल मुआयना कर महाविद्यालय खोलने की मूलभूत जानकारी एकत्रित किया था किन्तु बहुप्रतीक्षित मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि मुढ़ीपार से खैरागढ़ 22 किमी, डोंगरगढ़ 26 किलोमीटर दूरी पर है। यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने लंबा सफर तय करना पड़ता है। देखने में यह भी आ रहा है कि गरीब बच्चे और बालिकाएं दूरी सहित अन्य कारण से उच्च शिक्षा से वंचित हो जाते हैं। यहां महाविद्यालय खुलने से सात आठ हायर सेकंडरी स्कूलों के बच्चों को उच्च शिक्षा की सुविधा मिलेगी। सरपंच कुमेश साहू, जनपद सदस्य पुरषोत्तम साहू, सहकारी समिति अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, सुनील जैन, दयाराम निर्मलकर, मंडल भाजपा महामंत्री खेम सिन्हा ने गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर महाविद्यालय खोलने की मांग रखी। डॉ. सिंह ने मांग को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को अनुशंसा पत्र लिखा। प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद संतोष पांडे सांसद, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, बिसेसरदास साहू, घम्मन साहू, अरुणा बनाफर, राजेश्री त्रिपाठी, गोरेलाल वर्मा, सहित अन्य ने महाविद्यालय खोलने की अनुशंसा की है।

## मनाया गया पंचायत सचिव दिवस

# ईमानदारी से करें अपने दायित्व का निर्वहन और ग्राम पंचायत का विकास



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

ब्लाक पंचायत सचिव संघ ने ग्राम पंचायत मुरमुंदा के सामुदायिक भवन में सचिव दिवस का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा थी। अध्यक्षता जिपं सभापति प्रशांत कोडापे ने की। विशेष अतिथि अनिता मंडावी, सीईओ भगवती साहू, खेमचंद सोरी, निर्मल सिन्हा, अजय सिन्हा, तेजलाल वर्मा, योगेश संचेती, छत्रपाल ठाकुर, श्री कुजुर आदि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। स्वागत गीत सरिता श्रीवास, लोचन साहू ने प्रस्तुत किया। स्वागत के बाद सचिव संघ के अध्यक्ष राजाराम उइके ने सचिवों की मांग एवं उसके कार्यों के बारे में बताया। सचिव दिवस मनाने की परंपरा की शुरूवात के बारे में केदान सिन्हा ने जानकारी दी। सचिव संघ ने नवाचार करते हुए सचिव परिवार के होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। स्थानांतरित होकर आए सचिवों का भी सम्मान किया गया। सचिव श्रीराम चंद्रवंशी को सेवानिवृत्त होने पर सम्मान करते हुए विदाई दी गई।

### सचिवों के कामों की सराहना

इस मौके पर जिपं सभापति श्रीमती मंडावी ने सचिवों को ग्राम पंचायत में लगन से काम करने कहा। जिपं सभापति श्री कोडापे ने सचिवों को पंचायत की रीढ़ बताते हुए पर्यावरण एवं जल संरक्षण की दिशा में काम करने लोगों को प्रेरित करने कहा। सीईओ श्रीमती साहू ने सचिवों को शासन प्रशासन का आंख कान बताया। अंत में मुख्य अतिथि श्रीमती सिन्हा ने सामंजस्य बैठाकर पंचायत के कार्यों को करने पर जोर दिया। इस दौरान अतिथियों ने महिला भवन के पास पौधरोपण किया। संचालन मोरध्वज साहू एवं आभार प्रदर्शन दिलीप वर्मा ने किया। इस दौरान किशन नंदेश्वर, नेहरू, दिलीप, गैंदलाल, देवसिंग, योगेश, अमित, रूपेन्द्र, राजू वर्मा, वीरेन्द्र साहू, दिनेश, विजय सिन्हा, नारायण साहू, बालक दास, मोहित साहू, चुम्मन वर्मा, बालाराम, मयाराम, सहेबूराम, पुखरेश साहू, सदालाल, ईश्वरी चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।

पाठक सूचना

खडगांव क्षेत्र में दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र की प्रतियों तथा समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें-

निष्ठा न्यूज एजेंसी

(पंचायत भवन के बाजू, खडगांव)

विजय कुमार जैन मो. 90989 37585

भीखम रावटे मो. 94790 97554

## खबर संक्षेप

### पीएचई कांट्रेक्टरों के जिलाध्यक्ष बने संजय

**छुईखदान।** छग राज्य पीएचई कांट्रेक्टर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष



राकेश जोशी की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष संजय महोबिया को बनाया गया है। श्री महोबिया को एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से जिले के कांट्रेक्टरों में खुशी देखी जा रही है। श्री महोबिया को जारी नियुक्ति आदेश में संगठन को मजबूत कर सदस्यों को संगठित करने निर्देशित किया गया है। श्री महोबिया क्षेत्र के जाने माने नेता और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े है। वह जिला बरई महोबिया समाज और योग समिति के अध्यक्ष हैं। नगर पंचायत में दो बार पार्षद रह चुके है। उनके अध्यक्ष बनने पर गिरिराज किशोर दास, संजीव दुबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, देवराज किशोर दास, कमलेश यादव, मनीष कोचर सहित अन्य ने बधाई दी है।

### मासिक बैठक आज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव की मासिक बैठक 10 जुलाई को दोपहर 2 बजे से पेंशनर्स एसोसिएशन भवन डोंगरगांव में आयोजित है। ज्योतिषराम यादव अध्यक्ष, हीरालाल ढोमने प्रवक्ता, वायके गहरवार प्रवक्ता, नामदेव साहू कार्यकारी अध्यक्ष, केशवराम साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनबोधीराम माली कोषाध्यक्ष, जीआर अहीर उपाध्यक्ष, डोलकुमार देवांगन उपकोषाध्यक्ष, बहलसिंह ठाकुर एवं एनके श्रीवास्तव संगठन सचिव, रामकुमार ठाकुर संगठन सचिव, नंदलाल साहू कार्यकारिणी सदस्य ने सभी पदाधिकारियों, संरक्षकों एवं पेंशनर्स साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु महती सहयोग प्रदान करने अपील की है। उक्त जानकारी शोभितराम साहू संगठन सचिव ने दी।

### युवाओं की बैठक 12 को

**बांधाबाजार।** युवा गोंडवाना प्रभाग अंबागढ़ चौकी की बैठक आगामी 12 जुलाई को रखा गया है। यह जानकारी गोंड महासभा जिला अध्यक्ष युवराज नेताम ने देते हुए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से शामिल होने की अपील की है।

## निधन

### नानक भगवान दास आहूजा

**राजनांदगांव।** आईबी ग्रुप के चीफ फाइनेंस ऑफिसर मनोज



आहूजा के पिता नानक भगवान दास आहूजा का आज सुबह बैंगलोर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल 10 जुलाई को शाम 4 बजे उनके निवास स्थान 13/5 नेहरू नगर पश्चिम से सुपेला भिलाई स्थित रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। 86 वर्षीय आहूजा कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे। वे अपने पीछे पुत्र मनोज आहूजा, हरेश आहूजा, भाई डॉ. प्रेम आहूजा सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### शंकर जंघेल

**सड़क अतरिया।** ग्राम सड़क अतरिया के वार्ड क्रमांक एक के निवासी शंकर जंघेल का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गया। बुधवार को उसकी यात्रा मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिवार एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### फूलबासनबाई उईके

**डोंगरगढ़।** स्थानीय इंदिरा नगर



निवासी देवेंद्र उइके, महेंद्र उइके एवं अजेंद्र उइके की माता फूलबासनबाई उइके का देहांत बुधवार दोपहर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास इंदिरानगर वार्ड नंबर 5 से कल 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे निकलेगी। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

---

धरना प्रदर्शन कर सरकार को जगाने की कोशिश की

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का जमकर फूटा गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



बढ़ती महंगाई, काम के बोझ और सरकार की उपेक्षा को लेकर बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का गुस्सा सड़क पर उतर आया। जिले भर से पहुंची सैकड़ों कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने एक दिनी धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में सरकार को जगाने की कोशिश की जिसके बाद महिला एवं बाल विकास मंत्री के नाम एसडीएम अंकेश्वर प्रसाद साहू को ज्ञापन सौंपा।

धरना स्थल पर जुटी महिलाओं ने हाथों में बैनर, पोस्टर और झंडा लेकर जमकर नारेबाज़ी की। केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि 2018 के बाद से मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई जबकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। उन्हें आज भी मज़दूर का दर्जा तक नहीं दिया गया है। आंगनबाड़ी सेवाओं के निजीकरण और डिजिटलीकरण के नाम पर हो रहे उत्पीड़न पर भी सवाल खड़ा किया और उसकी अनिवार्यता को वापस लेने की मांग की। साथ ही बच्चों के लिए बेहतर पोषण और प्री-स्कूल शिक्षा की व्यवस्था, श्रम संहिताओं को वापस लेने और उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने जैसी प्रमुख मांगें रखी। इस दौरान जिलाध्यक्ष रत्ना साहू, सचिव जमुना बन्दे, श्यामा ठाकुर, नरेसिया निषाद, सावित्री वर्मा, देवकुवार चक्रधारी, अमीरीका सिन्हा, कृषिनी वर्मा, हेमलता वर्मा, पूर्णिमा साहू, बसंती कवर, सिलोचना कंवर, अनिता पाल, गुणवंतीन लहेरे, द्रौपती निषाद, कविता यादव सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएमौजूद थी।

### मांगें पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

जिलाध्यक्ष रत्ना साहू ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुरूप ग्रेच्युटी देने और 45वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशें लागू करने की मांग की वही धरना-प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उनका कहना है कि वे बच्चों के भविष्य को संवारने में दिन-रात जुटी हैं, लेकिन सरकार उनके हक और सम्मान को लगातार नजरअंदाज कर रही है।

# लालबागेश्वर धाम का सावन महोत्सव शुभारंभ 11 को

**राजनांदगांव।** राजनंदगांव शिव सेवा मंडल हेमू कलानी नगर गली नंबर 5 स्थित लाल बागेश्वर धाम में सावन महोत्सव का 11 जुलाई को आगाज होगा।

लालबागेश्वर धाम के सेवक आवतराम तेजवानी ने बताया कि 11 जुलाई से प्रतिदिन सुबह 8 से 9 तक रुद्राभिषेक एवं महाकाल भगवान की महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा तथा रात्रि 8 से 9 बजे तक प्रतिदिन महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

संस्था के सदस्य संजय तेजवानी ने बताया कि 14 जुलाई को सुबह 5 बजे कावड़ यात्रा, स्वामीजी द्वारा सुबह 11 बजे से 1 बजे तक संगीतमय रुद्राभिषेक एवं महारती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शाम 7 से रात्रि 9 बजे तक भजन एवं महाआरती का प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी तरह से 21 जुलाई को सुबह 5 बजे कावड़ यात्रा, दोपहर 11 से 1 बजे तक आचार्य द्वारा विशेष रुद्राभिषेक, शाम को सिंघोला से महाकाल की पालकी, 6 बजे हेमू कालाणी नगर में आगमन एवं लालबागेश्वर महादेव मंदिर में महाकाल की आरती एवं विशेष रूप से बर्फानी बाबा अमरनाथ की पूजा एवं प्रसादी वितरण सिंधु भवन में किया जाएगा।

### शामिल होने अपील

शिव सेवा मंडल के भक्त हरि तेजवानी, कमल चिचेरिया एवं प्रहलाज चेतवानी ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से निवेदन किया है कि सभी कार्यक्रमों में शामिल होकर भगवान लालबागेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करें। उक्त जानकारी प्रचार-प्रसार प्रभारी अनिल तेजवानी ने दी है।

### रूद्राभिषेक, हवन और होगा प्रसादी वितरण

28 जुलाई को सुबह 5 बजे कावड़ यात्रा, दोपहर 11 से 1 तक आचार्य द्वारा संगीतमय रुद्राभिषेक, शाम 7 से 9 बजे तक भगवान सोमनाथ महादेव का विशेष पूजन एवं महाआरती का प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी तरह अंतिम सोमवार 4 अगस्त को सुबह 5 बजे कावड़ यात्रा, दोपहर 11 से 1 बजे तक आचार्य द्वारा संगीतमई रुद्राभिषेक एवं अंतिम सोमवार के उपलक्ष्य में रुद्राभिषेक एवं हवन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम 7 से 9 बजे तक काशी विश्वनाथ की पूजा एवं महाआरती का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# स्टेट स्कूल में वृहद पौधारोपण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेश के समस्त जिले में एक साथ 7 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण आयोजन अंतर्गत जिला राजनांदगांव में राजेन्द्र गोलछा, उमेश हथेल, महेश खंडेलवाल, प्रवास कुमार सिंह के निर्देशानुसार वृहद वृक्षारोपण एवं राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम महंत राजा बलरामदास स्टेट स्कूल परिसर राजनांदगांव में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव व अध्यक्षता समाजसेवी खूबचंद पारख, छग पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, राजगामी संपदा न्यास के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, राजेंद्र गोलछा, अशोक चौधरी, सौरभ कोठारी, शिव वर्मा, किशुन यदु, उमेश हथेल, महेश खंडेलवाल, प्रवास कुमार बघेल, रानू जैन, राजा मखीजा, प्रमोद, कमलेश बंदे, आलोक बिंदल, सुनील बाजपेई, प्रतीक अग्रवाल, राकेश भावते, संतोष खंडेलवाल, उत्तम गेड़िया, वर्षा अग्रवाल, नीना खंडेलवाल, अरविंद सहारे, विनोद हथेल शामिल थे। वर्ष 2023 में 83 एवं 2024 में 33 कुल 116 सफल स्काउट गाइड रोवर रेंजर को राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में देवेंद्र अम्बादे, मयूख श्रीवास्तव, भारती रजक, मुन्नालाल साहू, राखी रामटेके, माधव सिंह सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# संगीत विवि में पीएचडी के लिए हुआ साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



इंदिरा कला संगीत विवि में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के दिन ही परिणाम की घोषणा के बाद दूसरे दिन कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा की अध्यक्षता में अभ्यर्थियों का सामान्य साक्षात्कार लिया गया। इस दौरान संबंधित संकाय के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण व वरिष्ठ प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

सामान्य साक्षात्कार पश्चात पीएचडी छैमाही कोर्स वर्क के लिए विभिन्न विभागों से कुल 67 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। सामान्य साक्षात्कार संपन्न होने के बाद कुलपति ने सभी अभ्यर्थियों को प्रेरित करते हुए शोधात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। अगस्त से ही उनकी कक्षाएं शुरू कर दी जाएगी, इसके लिये अभ्यर्थी पहले से ही अपनी तैयारियां शुरू कर लें।

उन्होंने सफलता के लिये छोटा रास्ता न अपनाकर कड़ी मेहनत कर बेहतर कार्य करने के साथ ही उनकी शिक्षा के लिए बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने की बात कही। गौरतलब है यह पहली बार है कि किसी कुलपति ने शोध करने के लिए चयनित अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें शोध के क्षेत्र में किस तरह बेहतर कार्य किया जाता है इसकी जानकारी दी। इस दौरान शोध प्रभारी डॉ जितेश कुमार गढ़पायले भी उपस्थित थे।

### शोधात्मक को मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा द्वारा संगीत विवि में शोधात्मक गतिविधियों को बेहतर बनाने लगातार नवाचार किया जा रहा है जिसका परिणाम है कि इस वर्ष शोधात्मक गतिविधियों को बेहतर प्रतिसाद मिला है। शैक्षणिक वर्ष 25-26 मे शोध करने वाले अभ्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है और 67 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार पश्चात पीएचडी छैमाही कोर्स वर्क के लिए चयन किया गया।

# पंचायत दिवस पर सचिवों का सम्मान

**खैरागढ़।** प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पंचायत सचिवों ने पंचायत दिवस मनाया। कार्यक्रम अध्यक्ष जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल थे वही विशिष्ट अतिथियो के रूप में उप संचालक पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग गीत कुमार सिंहा, जिपं परियोजना अधिकारी प्रकाश तारम, जिला अंकेक्षण अधिकारी मोहित ध्रुव, छुईखदान जनपद सीईओ रवि कुमार, खैरागढ़ जनपद सीईओ नारायण बंजारा और दोनो ब्लाक के मनरेगा प्रोग्राम अधिकारी उपेंद्र वर्मा व सिद्धार्थ जायसवाल उपस्थित थे।

इस दौरान लाला जंघेल, ध्रुव कुमार धर्मेंद्र, गैंद कुमार वर्मा, नूतन साहू, बाला जंघेल, निलेश सिंह, जोगेश्वर धनकर, हीरेंद्र नगपुरे, प्रेम सेन, दयालूराम खुटेरे, भागवत साहू, खुमान यादव, अशोक साहू, झूमक साहू, छबि साहू, रामबाई पाल, चंद्रेश सेन, प्रेम देवांगन, रिंकेश्वरी लहरें, सबीना बानो, नाजनीन नियाजी, सुनीता साहू, बिंदिया मानिकपुरी, संदीप धनकर, दुलार कोसरे, नंदकुमार साहू, भागवत मानिकपुरी, गजेंद देवांगन, जगन्नाथ वर्मा, खिलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में सचिव व रोजगार सहायक उपस्थित थे।



### सेवानिवृत्त सचिवों का सम्मान

इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव के पद से सेवानिवृत हुए सचिव आत्मा साहू, वजन साहू, वीर सिंह व पोषण वर्मा को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल और शाल देकर अभिनंदन किया गया। ग्राम पंचायत डोकराभाटा में पदस्थ सचिव महेंद्र जोशी की आकस्मिक मृत्यु पश्चात उनकी पत्नी वर्षा जोशी को अनुकंपा नियुक्ति पत्र अतिथियों ने दिया साथ ही कर्तव्य निर्वहन सहित अन्य उपलब्धियों को लेकर सचिवों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रेम कुमार पटेल ने सचिव दिवस को लेकर सचिवों को शुभकामना देते हुए कहा कि हम सभी एक परिवार की तरह काम करते है। उन्होंने पंचायत स्तर पर सभी को सजग होकर कर्तव्य निर्वहन करने कहा। जिला सचिव संघ अध्यक्ष लोकेश जंघेल ने कहा कि महज 500 रूपए मासिक वेतन पर उन्होंने काम शुरू किया था, लेकिन आज पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह की विशेष कृपादृष्टि के चलते सम्मानजनक वेतन मिल रहा है।

# गुरूपूर्णिमा पर आज जगह-जगह कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ द्वारा कल 10 जुलाई को जमातपारा स्थित अग्रहरि भवन मे गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान भगवान सत्यनारायण की कथा-पूजा उपरांत सदगुरु की वंदना-अभ्यर्थना करते सामूहिक रूप से आगत अतिथियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित है। संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता व सचिव शैलेष गुप्ता ने बताया कि संघ का रजत जयंती वर्ष होने पर संघ द्वारा इस वर्ष सम्मान समारोह, शपथ ग्रहण एवं अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि केदारनाथ गुप्ता चेयरमैन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्या. होंगे। उनका श्री अग्रहरि, श्री कसौंधन, श्री अयोध्यावासी, श्री दोसर, श्री गहोई एवं श्री यज्ञसेनी समाज संघ द्वारा सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के युवक-युवतियों व महिलाओं द्वारा गुरु-वंदना गान सहित भजन-कीर्तन कार्यक्रम भी आयोजित है। अंत में महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### आश्रम में आज भजन संध्या



सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी के सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में कल 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर विशेष भजन संध्या कीर्तन होगा। मानस प्रवक्ता भागवत दीवान साहेब और जागेश्वर सिन्हा अपने सहयोगी द्वारा सामूहिक गुरु महिमा, गुरु महत्माय पाठ कर संध्या-भजन-कीर्तन किया जाएगा। सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम के गादीपति महंत श्री सेवादास साहेब और अध्यक्ष फलेश कुमार साहू के विशेष सहयोग से यह आयोजन किया जाता है। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम सह प्रबंधक डेहरलाल सिन्हा ने दी।

### स्टेशनपारा



महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा स्टेशनपारा स्थित समाजिक भवन परिसर पर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कल 10 जुलाई को सुबह 11 बजे समाज के गुरु संत संताजी जगनाडे महाराज की पूजा-अर्चना व गुरुवंदना कर मनाई जाएगी। गुरुपूर्णिमा समाज के अध्यक्ष राजेश समरीत व महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बुटले ने समाज के सभी पदाधिकारी व सदस्यों से गुरु पूजा में शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश समरीत ने दी।

### लालबाग



विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल व कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल ने बताया कि सद्गुरु श्री सुधांशु महाराज का सजेगा हरित दरबार कल 10 जुलाई को सद्गुरू छत्रछाया धाम झूलेलाल मंदिर परिसर लालबाग में गुरू पूर्णिमा महोत्सव सुबह 10 से दोपहर 01 बजे तक पूर्ण होगा। मुख्य अतिथि जितेनद्र शर्मा व कनकलता शर्मा दप प्रज्जवलन करेंगे। उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

रायपुर की सभा में बड़ी संख्या में कांग्रेसी हुए शामिल

# बारिश के बावजूद खड़गे की सभा रही ऐतिहासिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा की जवान, किसान, संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ 7 जुलाई को रायपुर में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की विशाल जनसभा में राजनांदगांव से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि रायपुर साइंस कॉलेज में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में आयोजित किसान, जवान संविधान जनसभा को संबोधित करने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन का आगमन हुआ। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में राजनांदगांव शहर से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

इस दौरान कमलजीत सिंह पिन्टू, रमेश डाकलिया, डॉ. आफताब आलम, कुतबुद्दीन सोलंकी, दिनेश शर्मा, रमेश राठौर, मोहम्मद यहया, झम्मन देवांगन, फिरोज अंसारी, हनी ग्रेवाल, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, अमित खंडेलवाल, संतोष पिल्ले, अमर झा, वीरेन्द्र चौहान, शकील रिजवी, संजय रिझवानी, जयनारायण सिंह, मामराज अग्रवाल, मनीष गौतम, अनिल ठाकुर, नारायण सोनी, मदन साहू, टेनसिंह साहू, अवधेश प्रजापति, मुस्तफा जोया, सुरेन्द्र देवांगन, अब्बास खान, भरत सोनी, मुकेश साहू, देवेश वैष्णव, शैलेश ठावरे, इशाक खान, दीनू साहू, महेश साहू, मनीष साहू, सुनील रामटेके, उत्तम साहू, विजय अग्निहोत्री, राहुल देवांगन, सागर ताम्रकार, गोविंद साहू, संदीप जायसवाल, कुलदीप कुजरेंकर, जितेन्द्र कौशिक, शैलेष रामटेके, जितेन्द्र सिन्हा, विक्की तिवारी, जयंत पटेल, भावेश साहू, शुभम प्रजापति, साहिल वर्मा, हुलेन्द्र साहू, बंटी यादव, तामेश्वर बंजारे, प्रियेश मेश्राम, राजा खान, सैय्द हासिम अली, जावेद अंसारी, अल्ताफ, विरेन्द्र उके, हिम्मत पवार, लक्की केमे, लोमन राजूपत, अमन रजक, पीयूष केमे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी रवाना हुए।

### कांग्रेसियों ने लिया संकल्प

शहर अध्यक्ष छाबड़ा ने बताया कि दो दिन से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, फिर भी कांग्रेसजनों को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सुनने से नहीं रोक पाई और सैकड़ों कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे भरी बरसात में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आह्वान करते कहा कि छग में भ्रष्टाचार रूपी भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना है। इस भ्रष्ट सरकार ने सभी वर्ग को परेशान व हताश कर दिया है। आज खेती-किसानी का समय है, पर किसानों को खाद-बीज नहीं मिल पा रही है। युवाओं को नौकरी तो नहीं दे रही है, पर शराब का जहर जरूर पिला रही है। प्रदेश में जल, जंगल और जमीन बचाना है तो भाजपा को सत्ता से दूर भगाना होगा। केन्द्र की मोदी सरकार भय और झूठ फैलाकर देश में राज कर रही है। युवा को रोजगार की बात को झूमलेबाजी कर रही। वहीं देश की संविधान से खिलवाड़ कर रही। जिसके लिए कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता सिपाही बनकर खड़ा है। कांग्रेस कार्यकर्ता न डरा है और न ही डरने वाला नहीं है "पहले लड़े थे गोरों से अब लड़ेगे चोरों से" सत्य के लिए मर-मिटने को तैयार है, जिस पर कांग्रेसजनों द्वारा एकमत से हुंकार भरी और इस भ्रष्ट रूपी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।

# एनबीआईएस बोरी ने मनाई नवमी वर्षगांठ

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी ने अपना नौवां फाउंडेशन-डे धूमधाम से मनाया। कम समय में शाला ने शिक्षा जगत में एक



अहम भूमिका को रचा है। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा छह जुलाई 2016 को विधि-विधान से एनबीआईएस की नींव रखीं थी और आज शाला परिवार बड़े ही हर्ष के साथ अपने दसवें वर्ष के शैक्षणिक सत्र की ओर प्रवेश किया है। नौ वर्षों के इस सफर को यादगार बनाने शाला में विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। शाला के भगत हाउस द्वारा विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के नौ वर्षों के सफर को इंचार्ज साक्षी वैष्णव एवं बच्चों द्वारा तरोताजा किया गया। इसी कड़ी में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी सपत्नी एवं परिवारजनों के साथ शाला प्रांगण में शिव रुद्राभिषेक हवन-पूजन कर शाला परिवार की खुशहाली की कामना की। 2016 में शाला में शैक्षणिक कार्य 293 बच्चों से प्रारंभ किया गया था, जो बढ़कर आज 2276 हो गया है। वर्तमान समय में एनबीआईएस बोरी शहर के सीबीएसई स्कूलों में अधिकतम छात्रों के उच्चतम स्तर पर है। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, एनबी ग्रुप के सदस्य एवं शाला कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### उड़ने के लिए गुब्बारे को रंग नहीं गैस की होती है जरूरत

**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन, यूनिसेफ, सर्वहितम और अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के संयुक्त तत्वावधान में किशोर- किशोरियों के लिए रूप नहीं गुण को देखो परियोजना का जिला स्तरीय शुभारंभ महापौर मधुसूदन यादव द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर अलायंस के संभाग प्रमुख शरद श्रीवास्तव द्वारा स्वागत और एजेंडा निर्धारण एवं राज्य प्रमुख मनीष कश्यप द्वारा परियोजना का प्रस्तावना व्यक्त किया। इस विषय पर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि गुब्बारे अपने रंग की वजह से ऊंचाइयों को नहीं छूते, बल्कि उनके अंदर के गैस के कारण वो उड़ान भर पाते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने कहा कि कार्यक्रम संचालन में शिक्षक, अभिभावक के साथ-साथ समुदाय की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग गुरप्रीत कौर ने बताया कि किशोरावस्था में शारीरिक बदलाव होते हैं और इस अवस्था के लिए कार्यक्रम बहुत ही लाभदायक साबित होगा। कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षकों द्वारा साथ ही पढ़ाई का कोना, आज क्या सीखा कार्यक्रम के बारे में पीपीटी और खेल के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर तेज सारथी, दिव्या राजपूत, विनोद टेम्बुकर, गायत्री सिंह, सत्यमित्र शास्त्री, सौरभ सिंह, शिक्षा विभाग के शिक्षकगण, बिहान के मास्टर ट्रेनर, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, पहल कार्यक्रम के कार्यकर्ता, कॉलेज छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।



### श्रम कल्याण केन्द्रों का होगा उन्नयन : मिश्रा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत प्रदेशभर में 20 श्रम कल्याण केन्द्रों का विभिन्न औद्योगिक जिलों में संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों के माध्यम से श्रम मंडल में पंजीकृत मजदूरों के परिवार के महिला सदस्यों को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जाता है। अब तक हजारों श्रमिक परिवार की महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ा गया है। पिछले दिनों श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा ने इन कल्याण केन्द्रों का संचालन कर रही कर्मचारियों की एक बैठक लेकर केन्द्रों की समीक्षा की। प्रत्येक केन्द्र के संचालन करने वाले कर्मचारियों से रूबरू होकर उनके दुःख-तकलीफ को जाना। समस्याओं से अवगत हुए और इन केन्द्रों का भविष्य में किस तरह बेहतर ढंग से संचालित किया जाए, इसके उपाय बताए। बैठक को संबोधित करते कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल का जिलों में संचालित ये श्रम कल्याण केन्द्र मॉडल है, इन्हें और उन्नत और विकसित किया जाएगा। सिलाई-कढ़ाई-बुनाई के अलावा और दूसरी अन्य रोजगारमूलक शिक्षा देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का प्रयत्न किया जाएगा। उन्होंने अपनी घोषणा में श्रम कल्याण केन्द्रों का संचालन कर रही महिलाओं के वेतन वृद्धि की घोषणा करते कहा कि इन केन्द्रों का बेहतर ढंग से संचालन करें। लोगों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दें, ताकि वे अपना रोजगार स्वयं प्रारंभ करे सकें और अपने परिवार की आय वृद्धि करने में समर्थ हों। बैठक के प्रारंभ में श्रम कल्याण केन्द्रों की प्रभारी मोनिका मिश्रा ने मंडल अध्यक्ष का उपस्थित कर्मचारियों से परिचय कराया। कर्मचारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात सभी की बैठक ली गई। इस दौरान मंडल के कमिश्नर अजितेश पाण्डेय एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



### शहर में दोनों टाईम हो पानी की सप्लाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले की अगुवाई में कांग्रेस जनप्रतिनिधि मंडल ने मोहरा नदी के समीप स्थित फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। प्रतिनिधि मंडल ने नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर शहर की जनता को सड़क, नाली, बिजली, सफाई सहित पानी की समस्याओं को साझा किया। जिसके निराकरण करने आयुक्त ने आश्वासन दिया है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि महीनेभर से नगर निगम द्वारा नलों में पानी की सप्लाई एक टाईम कर दी गई थी। निरीक्षण में पाया गया कि शिवनाथ नदी का एनीकट लबालब भरा हुआ है, बावजूद नगर निगम द्वारा शहर में एक टाइम पानी की सप्लाई की जा रही है। जबकि पर्याप्त मात्रा में दोनों टाईम पानी की सप्लाई होनी चाहिए। साथ ही इरिगेशन विभाग से संपर्क कर बाढ़ नियंत्रित करने मोहारा स्थित एनीकट के गेट कब खोले जाने हैं और कब बंद करने हैं, इसमें आपस में तालमेल बनाने को लेकर चर्चा की है, ताकि मोहरा फिल्टर प्लांट में बाढ़ का खतरा कम हो सके और लोगों को बरसात में पीने के पानी की तकलीफ ना हो।



#### सड़क उखडने की शिकायत

शहर में जल भराव की स्थिति निर्मित ना हो इस दिशा में कार्य करते टीम गठित करने एवं सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करते बड़े नालों की पुनः सफाई करने को लेकर बात रखी है। आयुक्त से चर्चा के दौरान हाल ही में बनी डामर की सड़क उखड़ जाने की शिकायत करते सड़क की मरम्मत सहित जांच सहित कार्रवाई को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने कहा है।

#### मानदेय जारी करने चर्चा

पूर्व पार्षद सहित वर्तमान पार्षद के निधि के कार्यों को जल्द पूरा करने सहित मानदेय जारी करने को लेकर आयुक्त से चर्चा की गई है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल सतीश मसीह, आमीन हुड्डा, गणेश पवार, ऋषि शास्त्री, शरद पटेल उपस्थित रहे।

### सर्विस लेन विस अध्यक्ष व सांसद के प्रयासों का परिणाम

**राजनांदगांव।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा आरके नगर चौक से रेवाडीह चौक तक दोनों ओर सर्विस रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पांडे के सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि आज इस जनहितकारी कार्य को स्वीकृति मिली है। मेडिकल कॉलेज, स्कूल, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, होटल और आरटीओ कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण स्थलों के कारण जिस क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही थी, अब वहां 7 किलोमीटर लंबी सर्विस रोड के निर्माण से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और सड़क सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि यह फैसला जनसुविधा एवं विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। युवा मोर्चा इसके लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडे के प्रति आभार व्यक्त करता है और इस कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने की अपेक्षा करता है।



---

## राहत : ब्रिज में हो रही मौतों का सिलसिला थमा

# चिखली ओवरब्रिज पर हादसों को रोकने लग रहा रेलिंग बैरिकेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के रेलवे ओवरब्रिज पर लगातार हो रही दुर्घटना और मौत को रोकने के लिए पुलिस विभाग द्वारा ओवरब्रिज को व्यवस्थित आवागमन के लिए अस्थाई मार्ग विभाजक बनाकर दो हिस्सों में बैरिकेडिंग किया गया।

पुलिस विभाग की इस पहल के बाद नई व्यवस्था बनने से ओवरब्रिज पर दुर्घटनाएं रूक गई और प्रतिमाह हो रही मौत का सिलसिला भी थम गया। अब इस व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस विभाग समाजसेवी संस्थाओं का सहयोग भी ले रही है। इसी कड़ी में आज अस्थाई पाईप और सीमेंट के बैरिकेड की जगह रेलिंग बैरिकेडिंग लगाने की शुरूआत की गई है।



#### सफल रहा प्रयास, सुचारू हुआ आवागमन

ओवरब्रिज पर दुर्घटना रोकने पुलिस का प्रयास सफल साबित हुआ है। पुलिस द्वारा की गई इस व्यवस्था से लोगों की जान-मन की सुरक्षा हुई है। वहीं पटरीपार क्षेत्र के लोगों ने पुलिस के कार्य की सराहना भी की है। पुलिस की इस पहल से खासकर दो पहिया मोटर साइकिल वाहन चालक, साइकिल सवार, स्कूली बच्चे और कामगार महिलाओं को आवागमन में सुविधा हुई है।

#### वाहनों की रफ्तार हुई कम

ओवरब्रिज पर अस्थाई मार्ग विभाजक बनाने से यहां पर वाहनों की रफ्तार भी कम हुई है। वहीं घंटे लगने वाले जाम की समस्या से भी छुटकारा मिला है। अब ओवरब्रिज पर कतारबद्ध वाहन चलती है। जिसकी वजह से आमने-सामने वाहनों की टक्कर से बचाव हो रहा है।

#### लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज में भारी ट्रैफिक के दबाव के चलते कई दुर्घटना हुई है। जिसको देखते हुए आज रेलवे ओवरब्रिज में लोहे से बने रेलिंग लगाने की शुरूआत की गई है। वर्तमान में और भी ऐसे ही रेलिंग बनाकर लगवाए जाएंगे। जिससे लोगों की जानत्रमाल की सुरक्षा हो सके। उन्होंने बताया कि जल्द ही ओवरब्रिज में सुरक्षा और घटनाओं पर नजर रखने सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाएंगे।

#### अब नहीं गिरेंगे पोल

पुलिस द्वारा की गई इस व्यवस्था के बावजूद कुछ दो पहिया वाहन चालक वाहन क्रॉस कर विपरीत दिशा में आ जाते हैं, जिन पर कार्रवाई की जरूरत है। वहीं सिंगल पोल का पिल्लहर होने से वाहनों की ठोकर से पिल्लहर गिर भी जाते हैं। ऐसे में अब तीन-तीन पिल्लहरों के इस रेलिंग के लगने से व्यवस्था और बेहतर होगी। आज नई रैलिंग लगाने के दौरान सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक, चिखली थाना प्रभारी उमेश बघेल और सार्वजनिक समिति दीनदयाल नगर चिखली से शेखर ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

## पार्षद ने वार्ड का किया भ्रमण दी योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड क्रमांक 24 के पार्षद शैंकी बग्गा ने 8 जुलाई को बारिश के बीच वार्ड का भ्रमण किया। पार्षद बग्गा ने बारिश में हो रही समस्याओं को जनमानस से संवाद कर समझा और समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने श्रमिक परिवार को छात्रवृत्ति प्राप्त करने फॉर्म भरवाया और श्रमिक परिवार को श्रमिकों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। वहीं आयुष्मान कार्ड और 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड आयुष्मान ऐप से तुरंत बनाकर दिया। उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 3 वर्ष से 6.5 वर्ष के बच्चों के स्कूल प्रवेश के लिए उनके अभिवावकों को ऑनलाइन फॉर्म भरने का मार्गदर्शन दिया।

जनमानस को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत राशन कार्ड से जुड़ी सारी जानकारी दी। जनमानस को पीएम आवास योजना, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा योजना और स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी दिया, ताकि वे आत्मनिर्भर और जॉब क्रिएटर बन सकें।

---

## ऑटो, ई-रिक्शा का सत्यापन

**राजनांदगांव।** यातायात पुलिस द्वारा शहर में संचालित आटो-ई रिक्शा एवं 110 वाहन चालकों का सत्यापन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों की भी उपस्थिति रही।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर नक्सल ऑपरेशन के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक की उपस्थिति में रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर, थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस, रक्षित केन्द्र निरीक्षक विनय सिंह एवं यातायात टीम द्वारा ऑटो, ई-रिक्शा चालकों से वाहन संबंधी कागजात, आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आरसी बुक चेक किया। साथ ही शराब मापी यंत्र से आटो/ई-रिक्शा चालकों को चेक किया।



#### 110 चालकों का सत्यापन

वाहन मालिकों एवं वाहन चालक के आधार कार्ड से मिलान कर सभी थानों से आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। सभी वाहन चालकों को समझाईश दिया गया कि अपने ऑटो के पीछे अपना नाम, पता एवं मोबाइल नंबर, पुलिस कंट्रोल रूम एवं यातायात पुलिस द्वारा प्रदाय यूनिक नंबर आवश्यक रूप से लिखाएं। इस संबंध में शहर के रेलवे स्टेशन, अम्बेडकर चौक, नया बस स्टैंड चौक, महावीर चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, पुराना बस स्टैंड चौक, गंज चौक, नंदई चौक से संचालित 110 ऑटो चालकों का सत्यापन किया गया।

---

## ट्रस्ट चुनाव की सरगर्मी तेज, 15 सदस्यीय टीम के लिए 50 ने लिया नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट चुनाव को लेकर इस बार दो पैनल के अलावा निर्दलीय तौर पर भी कई प्रत्याशियों के चुनावी मैदान में उतरने के आसार दिखाई दे रहे हैं। 15 सदस्यीय टीम के लिए अंतिम दिन तक 50 लोगों ने नामांकन फार्म लिया है।

उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट चुनाव के तहत श्रेणी संरक्षक, आजीवन श्रेणी, साधारण श्रेणी के 15 सदस्यीय टीम के मंडल के लिए मातेश्वरी और सेवा दल के अलावा निर्दलीय दल के रूप में 20 लोगों ने नामांकन फार्म लिया है।

सेवा दल संरक्षण श्रेणी से मनोज अग्रवाल, अनिल गट्टानी, महेंद्र भाई पटेल, नितिन हरीप्रसाद अग्रवाल, अशोक कुमार चावड़ा (लाला), योगेश अग्रवाल, शिवकुमार शर्मा, आजीवन श्रेणी से पीताम्बर स्वामी, महेंद्र परिहार, संजय कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, साधारण श्रेणी से बबलू सांडिल्य, संजीव गोमस्ता प्रमुख रूप से हैं। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में संरक्षण श्रेणी से गोपाल खेमुका, नरेश अग्रवाल, नीलम चोपड़ा, मधुसुदन नरेडी, अशोक अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, आजीवन श्रेणी से महेंद्र अग्रवाल, ओमप्रकाश तिवारी, केशव नरेडी, राकेश भूत, श्यामसुंदर नरेडी, साधारण श्रेणी से नितिन सांडिल्य, बिरेन्द्र शर्मा, सुमीत पोद्दार, अशोक साहू, आशीष कश्यप, अंकुर अग्रवाल - अनिल शर्मा, दीपकचंद्र राणा ने भी फॉर्म लिया है। इधर भैयाजी पैनल संरक्षण श्रेणी से नारायणलाल अग्रवाल, विनोद तिवारी, नवनीत तिवारी, संजय अग्रवाल, गोविंद चोपड़ा, सुभाष रवि पचेरी, हरीश भंडारी, आजीवन श्रेणी से रघुवर प्रसाद अग्रवाल, संजय यादव, टम्मी नामदेव, देवेन्द्र मिश्रा, सोनकुमार सिन्हा एवं साधारण श्रेणी से आशीष अग्रवाल (लल्ला), डॉ. महेश तिवारी, कौतुभ गुप्ता (हनी) ने नामांकन फॉर्म तो लिया है। कल नामांकन फॉर्म भरने की प्रक्रिया के साथ ही 12 जुलाई को शाम 5 बजे तक कुल प्रत्याशी के नामों की घोषणा मुख्य रूप से सामने होगी।



#### आज से नामांकन दाखिल की प्रक्रिया

ट्रस्ट चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार शाम को समाप्त हो गई। कल 10 एवं 11 जुलाई को नामांकन फार्म दाखिल होंगे। इसके बाद नामांकन पत्र की जांच के बाद निर्वाचन अधिकारी जेआर बहिरा द्वारा आगामी 13 जुलाई को दोनों पैनल सहित निर्दलीय अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

#### प्रचार अभियान भी शुरू

प्रत्याशियों की घोषणा होने के पहले सेवा दल ने प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। जल्द ही दोनों ही पैनल कार्यालय खोलकर ट्रस्ट मंडल के तीनों श्रेणी के सदस्यों को अपने-अपने पक्ष में मतदान कराने का प्रयास करेंगे।

---

## ट्रेड यूनियन के बैनर तले संगठनों ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों के बैनर तले अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बैंक, बीमा, डाक, आंगनबाड़ी सहित कई संगठनों द्वारा निजीकरण, नए लेबर कोड्स और केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध करते हड़ताल और प्रदर्शन किया गया।

शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और छत्तीसगढ़ सेल्स प्रमोशन एम्पलाई यूनियन द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते प्रदर्शन किया गया। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय में एक दिवसीय हड़ताल का बैनर लगाकर कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

हड़ताल के दौरान ट्रेड यूनियन द्वारा चार लेबर कोड को रद्द करने, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण बंद करने, मनरेगा, ग्रामीण रोजगार कार्यक्रमों को मजबूत करने, न्यूनतम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने, सालाना श्रम सम्मेलन सहित अपनी विभिन्न मांगे रखी।



#### 26 हजार न्यूनतम वेतन की मांग

कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे सेल्स प्रमोशन एम्पलाई यूनियन के राहुल कुमार देवांगन ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लेबर कानून की जगह लेबर कोड्स लागू किया जा रहा है। जिससे पूरा अधिकार पूंजीपतियों के हाथ में चला जाएगा। जिससे कर्मचारियों का हित नहीं होगा। कर्मचारी केवल 11 महीने के लिए अनुकंपा नियुक्ति के समान हो जाएंगे। उन्होंने न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए देने की मांग की है।

#### नियमितीकरण की मांग

कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने हड़ताल कर धरना प्रदर्शन के लिए बैठे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने अपनी नियमितीकरण को लेकर आवाज बुलंद की। आंगनबाड़ी संगठन पदाधिकारी हेमिन साहू और ईश्वरी साहू ने कहा कि 26 हजार न्यूनतम वेतन की मांग सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के रिटायर्ड होने पर 9 हजार प्रतिमाह पेंशन, पोषण ट्रैक्टर में फेस कैप्चर सिस्टम हटाने सहित विभिन्न मांग की जा रही है।

#### मजदूर हित के खिलाफ नीतियां

भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों ने हड़ताल को लेकर कहा कि केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियां अपना रही है। इस दौरान यूनिट सचिव ललित सोनी ने कहा कि निजीकरण, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों को एमएसपी, ठेका प्रथा, नई भर्तियां बंद किए जाने का विरोध, पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि 56 श्रम कानून बंद कर श्रम संहिता लागू करना श्रमिकों और देश के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का बजट काम किया जा रहा है। जबकि इसका लाभ शहरी क्षेत्र में भी दिया जाना चाहिए। सरकार पिछले 10 साल से सालाना श्रम सम्मेलन नहीं कर रही है और मजदूरों के हितों के खिलाफ फैसले ले रही है।

---

## महाकाली मंदिर में निः शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर

**राजनांदगांव।** बाबूटोला वार्ड नं. 01 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में 6वां स्थापना दिवस 5 जुलाई को भक्तिमय माहौल में मनाया गया।

सुबह मां काली की महाआरती पश्चात वृक्षारोपण, रक्तदान एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया, जहां आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. प्रज्ञा सक्सेना, डॉ. योगेवरी योगेशवरी ठाकुर, फार्मासिस्ट टीनू दीवान, फार्मासिस्ट छाया प्यासी, औषधालय सेवक दिलीप भीमटे, दूजलाल कुंजाम एवं उनकी टीम ने सेवाएं दी। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। वहीं रक्तदान में भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्थापना दिवस पर विशेष अतिथि आरपीएफ निरीक्षक तरुणा साहू व चिचोला टीआई नरेश बंजारे शामिल रहे। उन्होंने मां काली की पूजा-अर्चना पश्चात वृक्षारोपण कर मंदिर समिति के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी। मंदिर समिति के संस्थापक गुरुदेव हरीश यादव ने रक्तदान कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। वहीं चिखली आरक्षक राजकुमार बंजारे ने भी रक्तदान कर इस आयोजन की सराहना की। मंदिर के प्रधान संस्थापक व मुख्य पुजारी गुरुदेव हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष शक्तिधाम के स्थापना दिवस पर सुबह मां महाकाली की आरती पश्चात वृक्षों का रोपण किया गया। समिति के सदस्यों सहित भक्तों ने 61 यूनिट ब्लड डोनेट किया।



---

## किशोरी फांसी पर झूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एक किशोरी ने अपने घर में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 वर्षीय युवती ने बीती रात अपने घर में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजन बेसुध हो गए। शोक की लहर व्याप्त हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि किशोरी कक्षा 12वीं की छात्रा थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जांच जारी है।

---

## असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस का धरपकड़ अभियान

# शांति भंग होने का अंदेशा, 26 के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शांति व्यवस्था बनाए रखने असामाजिक तत्वों व बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत 24 प्रकरण में 26 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार जिले में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, आदतन अपराधियों, असामाजिक तत्वों, अवैध रूप से रह रहे अप्रवासी भारतीयों, संदेही पर विशेष अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया था। जिसके तहत 8 जुलाई को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 4 प्रकरण में 4 आरोपी, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 5 प्रकरणों में 6 आरोपी, ओपी चिखली पुलिस द्वारा 5 प्रकरणों में 5 आरोपी, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 5 प्रकरणों में 6 आरोपी, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 4 प्रकरणों में 4 आरोपी एवं ओपी मोहारा पुलिस द्वारा 1 प्रकरण में 1 आरोपी कुल 24 प्रकरण में 26 आरोपियों के विरूद्ध 151 जाफौ (170/126, 135(3)) प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।



#### 6 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हो-हल्ला, हंगामा करने के मामले में पुलिस ने शांतिभंग होने के अंदेशा पर 6 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस का धरपकड़ अभियान लगातार जारी है। पुलिस के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराध की रोकथाम हेतु एवं शांति व साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने हेतु थाना क्षेत्र में अपनी टीम के साथ लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत थाना क्षेत्र में शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने के अंदेशा पर 6 आरोपी चंद्रशेखर सिन्हा 31 वर्ष साकिन अटल आवास पेंड्री, गोपी कुमार 22 वर्ष साकिन फरहद गौराचौरा चौक के पास, मनोज शेंडे 33 वर्ष साकिन नया ढाबा वार्ड नं. 4, राजू उर्फ संतोष 55 वर्ष साकिन नया ढाबा वार्ड नं. 4, छत्रपाल विश्वकर्मा 24 वर्ष साकिन ग्राम रामपुर, इजराईल 57 वर्ष साकिन अटल आवास पेंड्री के विरूद्ध धारा-170/125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है।

# गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः

# श्री गुरुवे नमः


**अक्षर ज्ञान ही नहीं, गुरु ने सिखाया जीवन ज्ञान,**
**गुरुमंत्र को कर आत्मसात**
**हो जाओ भवसागर से पार !!**

**करता करे ना कर सके, गुरु करे सब होय।**
**सात द्वीप नौ खंड में गुरु से बड़ा ना कोय।।**
**मैं तो सात समुंद्र की मसीह करु,**
**लेखनी सब बदराय।**
**सब धरती कागज करु पर,**
**गुरु गुण लिख ना जाय।।**

अर्थात गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है और गुरु ही भगवान शंकर है। गुरु ही साक्षात परब्रह्म है। ऐसे गुरु को मैं प्रणाम करता हूं। यह आस्था रविवार को अंचल में सैकड़ों शिष्यों ने अपने गुरु के प्रति गुरू पूर्णिमा के अवसर पर व्यक्त की। इस दौरान सभी गुरु आश्रमों में सोशल डिस्टेंस का पालन किया गया तथा अधिकांश लोगों ने अपने घरों में गुरू की तस्वीर का पूजन किया। यहां बता दें कि हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया गया। इस पर्व पर अपने गुरु के प्रति आस्था को प्रगट की जाती है तथा विधिवत रूप से गुरु पूजन किया जाता है। इसलिए इस पर्व को व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। इस दिन को चारों वेदों के रचयिता और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले वेद व्यास का जन्म हुआ था। यह पर्व अपने आराध्य गुरु को श्रद्धा अर्पित करने का महापर्व है।



**गुरु पूर्णिमा**
**की हार्दिक शुभकामनाएं...**























अपने घर लेकर जाए
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
JOHN DEERE
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
5405
TREM IV
4WD
गुरु पूर्णिमा
की हार्दिक शुभकामनाएं
सस्ता नहीं अच्छा लो
मिट्टी की खुशबू के साथ आया भरोसेमंद साथी
मानसून स्पेशल
ऑफर
जॉन डियर
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
पिता का सपना - बेटा पूरा करे, सबसे आसान फाइनेंस के साथ!
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स
स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### बोल बम कावड़िया अमरकंटक पदयात्रा के लिए कल होंगे रवाना

**कोलेगांव।** सावन लगते ही ग्रामीण क्षेत्र मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोल बम समितियां के द्वारा पदयात्रा के लिए बैठक लेकर तैयारी पदयात्रा के लिए किया जा रहा है कोलेगांव,धनेली, भगतपुर, मोहतरा कला, कंझेटा, बसनी, घोरपेंड्री, पेंड्रीकला, पवरजली, सेमरकोना, कुआंमालगी, अमलीमालगी, सैहामालगी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सावन के माह लगते ही पूरे एक माह भक्तों के द्वारा बोल बम कावड़ियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के जगह-जगह सड़क पर बोल बम का नारा सुनाई देगा बोल बम समिति एवं भक्तों के द्वारा सावन माह के लगते ही काफी उत्साह नजर आ रहे हैं जिसकी तैयारी एक माह पहले से किया जाता है, जिसकी तैयारी समिति के बोल बम कांवरड़िया गांव से पदयात्रा के लिए अमरकंटक प्रस्थान के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी गई है वहां से बाबा भोलेनाथ का दर्शन कर जल अभिषेक कर जल लेकर बोल बम कबाड़ियों के द्वारा पदयात्रा किया जाएगा जिसकी रणनीति के बारे में समिति द्वारा गांव-गांव में बैठक कर तैयारी किया जा रहा है बताना लाजिमी है कि प्रत्येक वर्ष की इस वर्ष भी कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए पदयात्रा के माध्यम से जल लेकर कवड़िया उठाकर पदयात्रा कर गांव पहुंचने पर गांव में संकल्प के हिसाब से महादेव पर जल चढ़ाकर गांव में पूरे गाजे बाजे के साथ गांव में भ्रमण करते हैं

### श्रम विभाग ने शिविर में गिनाई सभी योजनाएं

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कार्यालय श्रम पदाधिकारी, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल एवं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल में संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार, पंजीयन, पंजीयन नवीनीकरण एवं योजनाओं के आवेदन के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कबीरधाम जिले के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत, नगरीय निकायों में किया जा रहा है। उक्त शिविरों में आवेदन के लिए आवेदक परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र, स्वघोषणा प्रमाण पत्र, राशन कार्ड एवं मोबाइल साथ में लाना अनिवार्य है। आज न्यू सर्किट हाउस के पास चबूतरा स्थल कबीरधाम में किया गया। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि 10 को ग्राम दलदली विकासखण्ड बोड़ला, 11 को ग्राम आमानारा विकासखण्ड बोड़ला, 15 को ग्राम अधिरीकछार विकासखण्ड बोड़ला, 16 को ग्राम मगरवाड़ा विकासखण्ड बोड़ला, 17 को ग्राम डोंगईटोला विकासखण्ड बोड़ला, 21 को ग्राम राजाढ़ार विकासखण्ड बोड़ला, 22 को न्यू सर्किट हाउस के पास चबूतरा स्थल कबीरधाम, 23 को ग्राम बरेण्डा, विकासखण्ड बोड़ला, 28 को ग्राम बरकोही विकासखण्ड बोड़ला, 29 को ग्राम मुड़घुसरी जंगल विकासखण्ड बोड़ला तथा 30 जुलाई को ग्राम भलपहरी विकासखण्ड बोड़ला में शिविर आयोजित किया जाएगा। समस्त श्रमिक निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लेने को कहा गया है।

### बेटियों के हाथों में किताबें और आंखों में उजाला, वनांचल में शिक्षा को मिली नई उड़ान

# तरेगांव जंगल में गूंजा शिक्षा का संदेश, बेटियों के हाथों में किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम तरेगांव जंगल की हरियाली आज शिक्षा के उजाले से और भी हरी-भरी हो गई, जब कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस सुदूरवर्ती अंचल में संचालित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को राज्य शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और कहा कि बच्चों के हाथों में किताबें होना केवल ज्ञान का प्रतीक नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की ठोस बुनियाद है। और जब बेटियां शिक्षित होती हैं, तो वे दो कुलों को शिक्षित करती हैं। यह केवल एक लड़की का सशक्तिकरण नहीं, बल्कि एक पूरे समाज का जागरण है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सार्थक होंगी, जब हम इनका लाभ अंतिम छोर तक बैठे बच्चे तक पहुँचाएं। शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे एक सामान्य बच्चा भी असाधारण लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वर्मा ने राज्य शासन की 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की धारा है। उन्होंने सभी शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के जागरूक नागरिकों से आह्वान किया कि बेटी पढ़ेगी तभी समाज बढ़ेगा। यह अभियान केवल पोस्टर या नारा नहीं, बल्कि जनचेतना का हिस्सा बनना चाहिए। हमें गांव-गांव, घर-घर जाकर यह विश्वास जगाना है कि हर बेटी को शिक्षा का अधिकार और अवसर दोनों मिले। कलेक्टर ने विशेष रूप से वनांचल की बेटियों से बात करते हुए उन्हें आत्मविश्वास और लगन के साथ पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा दी। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने बताया कि जिले में 150 शासकीय हाई स्कूल संचालित हो रहे हैं। इनमें कक्षा 9वीं में 13,585 विद्यार्थी तथा कक्षा 10वीं में 10,215 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य शासन से इन सभी विद्यार्थियों के लिए समस्त पाठ्यक्रम की पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं, जिन्हें स्थानीय प्राचार्यों के माध्यम से नियमित रूप से वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र के आरंभ के साथ ही पुस्तकें उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने त्वरित पहल की है।





#### कलेक्टर ने पाठ्य पुस्तक की मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मौके पर ही विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और संकुल प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पुस्तकों के वितरण की सघन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा या बच्ची पुस्तक वितरण से वंचित न रहे। यदि कहीं कोई बाधा या कमी हो, तो उसकी त्वरित जानकारी जिला मुख्यालय तक पहुँचे और तत्काल निराकरण हो। उन्होंने कहा कि वनांचल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना केवल एक प्रशासनिक लक्ष्य नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी भी है।

## एबीवीपी कवर्धा इकाई के नगर अध्यक्ष बने लोकनाथ देवांगन व नगर मंत्री परमेश्वर साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77 वां स्थापना दिवस संघ कार्यालय कवर्धा में मनाया गया। जिसमें पूर्व नगर मंत्री गजाधर वर्मा ने अपना मंत्री प्रतिवेदन सत्र 2024 - 25 का देते हुए विद्यार्थी परिषद के द्वारा साल भर में किए गए कार्यक्रमो व आंदोलन के सबके समक्ष प्रस्तुत किया, मुख्य अतिथि व परिषद वक्ता के रूप में पहुंचे हरीश लुनिया ने अपना उद्बोधन में विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद के कार्यो और समाज के बीच उनके योगदान के बारे में बताया जिससे विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार देखने को मिला। फिर चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित तुषार चंद्रवंशी ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें नगर अध्यक्ष के रूप में लोकनाथ देवांगन, उपाध्यक्ष गोपाल, दिपेश, नगर मंत्री परमेश्वर साहू, नगर सहमंत्री गजेन्द्र राजपूत, युवराज राजपूत, महाविद्यालय प्रमुख प्रिंसनाथ योगी, सहप्रमुख गोपेश्वर साहू, विद्यालय प्रमुख विनय ठाकुर, सहप्रमुख सुमित योगी, नगर कार्यालय मंत्री दिपकनाथ योगी, सहमंत्री सुरज, नगर कोषाध्यक्ष प्रमुख आदित्य, सहप्रमुख गोपाल यादव, नगर छात्रा प्रमुख कुंती साहू, सहप्रमुख योगेश्वरी सिन्हा, सोशल मिडिया प्रमुख अक्षय, सहप्रमुख चेतना, एसएफडी प्रमुख अनिल यादव, सहप्रमुख अश्वनी श्रीवास, एसएफएस प्रमुख अंजली झारिया, सहप्रमुख सुमित, आर के एम प्रमुख हरिश अनंत, छात्रावास प्रमुख गजेन्द्र भारती, सहप्रमुख पायल सोनी , कार्यकारिणी सदस्य उदय तिवारी, केशव, सरिता, संजना, हेमलता, को प्रमुख दायित्व दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग प्रमुख रामशरण चंद्रवंशी, जिला संयोजक गजाधर वर्मा उपस्थित थे।

# श्रावण मास में अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में निःशुल्क भंडारा के लिए भोजन सामाग्री रवाना

### हर-हर नर्मदे, बोल बम के जयकारों के साथ रवाना हुई भक्ति और सेवा की गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्रावण मास के पावन अवसर पर अमरकंटक से कवर्धा तक निकलने वाली कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल पर मृत्युंजय आश्रम, अमरकंटक में प्रतिदिन निःशुल्क भंडारा संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विधायक कार्यालय से भंडारे के लिए आवश्यक भोजन सामाग्री से भरे दो वाहनों को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, विजय पटेल, निशांत झा, मंजीत बैरागी, नरेन्द्र मानिकपुरी, अमर कुर्रे, पार्षद सुनील साहू, अजय ठाकुर, डोनेश ठाकुर, दीपक सिन्हा, सौखी अहिरवार प्रवीण परिहार, रामसिंह ठाकुर, सहित जनप्रतिनिधियों, पार्षदगण की उपस्थिति में हर-हर नर्मदे और बोल बम के जयकारों के साथ भोजन सामाग्री वाहनों को विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात अमरकंटक के लिए रवाना किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की इस पहल के अंतर्गत मृत्युंजय आश्रम में आने वाले श्रद्धालुओं और कांवड़ियों को निःशुल्क ठहरने और भोजन की सुविधा दी जा रही है। भोजन में दाल, भात, सब्जी, खीर, पूड़ी, हलवा जैसे स्वादिष्ट व्यंजन प्रतिदिन श्रद्धालुओं को परोसे जाएंगे वह भी पूरी श्रद्धा और आत्मीयता के साथ। मृत्युंजय आश्रम में संचालित इस भंडारे की लोकप्रियता और व्यापक सेवा भाव का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि विगत वर्ष लगभग 80,000 श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाया था। इस वर्ष भी उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, की सहभागिता से यह सेवा और भी विस्तार के साथ संचालित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास में लाखों श्रद्धालु अमरकंटक से जल लेकर भोरमदेव और बुढ़ामहादेव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए पदयात्रा करते हैं। ऐसे में मृत्युंजय आश्रम में संचालित यह भंडारा भक्ति के साथ-साथ सेवा का प्रतीक बन गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की यह पहल जनआस्था के प्रति संवेदनशीलता, धार्मिक समर्पण और सामाजिक सेवा के आदर्श को साकार करती है।



### पंचदेव मंदिर सारंगपुर खुर्द में गूंजेगा सावन सोमवार महोत्सव पर्व



**हरिभूमि कवर्धा।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सारंगपुर खुर्द है जो विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत आता है जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष इस वर्ष भी सावन सोमवार महोत्सव 14 जुलाई से 4 अगस्त 2025 तक आयोजन किया गया है जो श्रीपंचदेव मंदिर सारंगपुर खुर्द में शिव पूजन रुद्राभिषेक, पंचदेव मंदिर ट्रस्ट सारंगपुर खुर्द द्वारा आयोजन रखा गया है जिसमें सुबह से देर शाम तक हर हर महादेव का गुंज उठेगा और जिसमें आसपास के लोग तथा क्षेत्र तथा दुर दराज के लोग श्रद्धालु भक्तों का तांता लगेगा 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू सावन माह में 4 सोमवार विशेष योग्य शिव की पूजा अभिषेक करने की से श्रद्धालु लोगों को सौभाग्य सुख शांति समृद्धि मनचाहा वरदान की प्राप्ति होती है भक्ति पूजा आदि के तैयारी में जुट चुके हैं, जानकारी के अनुसार पंचदेव मंदिर एवं शिवालय व मंदिरों में सावन महोत्सव की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है 11 जुलाई को सावन महीना इस साल का शुरू हो रहा है वही चार सोमवार पड़ रहा है प्रथम सोमवार 14 जुलाई दूसरा सोमवार 21 जुलाई तीसरा सोमवार 28 जुलाई चौथा सोमवार 4 अगस्त 2025 तक चलेगा इन सावन सोमवार महोत्सव में श्रद्धालु भक्तों मंदिरों में जल अभिषेक कर मनोकामना की आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा सावन माह भगवान शिव का माह होता है प्रत्येक सोमवार को मंदिर में महादेव का रुद्राभिषेक सहित जल दूध दही समेत बेलपत्र से अभिषेक किया जाएगा इसके पश्चात सुगंधित फुलों से श्रृंगार किया जाएगा। जिसकी तैयारी जोर-शोर से किया जा रहा है सावन सोमवार महोत्सव पर्व पर पंचदेव मंदिर समिति के द्वारा भोजन भंडारा प्रसाद की व्यवस्था किया जायेगा।

## सारंगपुर खुर्द के प्रमुख गलियों पर भरा बारिश का पानी अब कीचड़ पर चलने के लिए मजबूर ग्रामवासी



**हरिभूमि न्यूज बरबसपुर ।** विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में नाली व सीसी रोड़ का अभाव के कारण बीचों बीच गलिया दलदल तथा कीचड़ से लथपथ हो चुके हैं, क्योंकि बारिश का पानी गलियों पर भर गया है इससे बच्चों से लेकर महिला पुरुष कीचड़ पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है आवागमन करने वाले लोग फिसल कर चोटिल हो रहे हैं दो पहिया वाहन भी फिसल रहे हैं हादसा दुर्घटना के खतरा बढ़ गई है स्कूली बच्चों की जूते मौजे कीचड़ से गंदे हो रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि स्कूली बच्चों का चलना मुश्किल हो गया है क्योंकि साइकिल के पहियों पर कीचड़ फंस रहे हैं इसलिए साइकिल को कंधे में उठाकर कीचड़ से पार कर रहे हैं यदि ग्राम पंचायत जिला पंचायत और जनपद पंचायत को संज्ञान लेने की जरूरत है ताकि स्कूली बच्चों को राहत मिल सके और सीसी नाली निर्माण किया जाए ताकि कीचड़ से लोगों को राहत मिल सके।

## धान की रोपाई से किसानों को अनेक लाभ खरीफ फसल की तैयारी जोर-शोर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कबीरधाम जिले के अंतर्गत ग्राम दौजरी में खरीफ फसल धान का रोपाई एक सप्ताह से लगातार चल रहा है। बारिश के चलते धान की रोपाई कार्य मजदूर और किसान तेज रफ्तार से कर रहे हैं ताकि समय पर परिपक्व होकर तैयार हो सके वही किसान विकाश कुमार ने बताया कि धान रोपण से मुख्यतः किसानों को विभिन्न प्रकार के लाभ मिलता है जैसे पानी की बचत, खरपतवार में नियंत्रण, अधिक फसल पैदावार होने का दावा किया। और साथ ही साथ फसल में खाद की मात्रा में गणना करने में सहायता मिलती हैं इसलिए धान की रोपाई कार्य को सर्वश्रेष्ठ उत्तम माना जाता है, क्योंकि जिले के सभी किसान रोपाई कार्य में जुटे हुए हैं।



### ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांगा मुआवजा और पीएम आवास

# नवागांव में बारिश का पानी कच्चे मकानों में घुसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरवार आश्रित ग्राम नवागांव में लगातार तीन-चार दिनों से हो रही बारिश के कारण कई गरीबों का आशियाना नाली नहीं होने के कारण पानी घर अंदर घुस गया जिससे काफी सामानों का नुकसान हुआ है एवं चार दिनों से वर्षा होने के कारण घर में रहने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है गरीबों को सिर छुपाने के लिए दूसरों के घरों में आश्रित होना पड़ रहा है। जानकारी अनुसार खैरवार पंचायत के नवागांव निवासी उत्तम टोनडर व मनमोहन टोनडर का मिट्टी का आशियाना रविवार को बारिश के बाद नाली का पानी घर में प्रवेश करने के बाद भरभरा कर जर्जर स्थिति हो गई है पैर रखने के लिए भी जगह नहीं है पूरा आंगन कीचड़ में तब्दील हो गई बारिश का पानी घर में भरने का वजह नाली नहीं होने के कारण बताया कि जिससे नाली का पूरा पानी घर में घुस गया जिससे मिट्टी का मकान भरभरा कर गिर गिरने की स्थिति में मिट्टी का घर इस परिवार को स्थिति काफी दयनीय हो गई है। घर मे पानी भरने के कारण उसमें रखे सारा सामान खराब हो गया।

घर में पति पत्नी के अलावा 9 परिवार रहता था। जिससे पीड़ित परिवारों ने पदाधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है। ताकि गरीबों को राहत मिल सके और साथ ही साथ नाली की व्यवस्था की जाए। वही शासन के द्वारा इन गरीबों को प्रधानमंत्री आवास एवं मुआवजा दिया जाए पानी दो तीन चार दिनों से लगातार वर्षा होने के कारण गरीबों का कच्चा मकान पूरी तरह से पानी घुसने के कारण दैनिक स्थिति हो गई है बताया गया कि काफी सामानों का भी नुकसान हुआ है अभी दूसरे के घर रहकर अपना पालन पोषण कर रहे हैं ऐसे में इन गरीबों को शासन द्वारा कुछ मुआवजा दिया जाए ताकि आर्थिक स्थिति सुधर सके।



# पोलमी स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर हालत, हादसे में बाल-बाल बचीं स्वास्थ्यकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कुकदुर तहसील अंतर्गत ग्राम पोलमी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र की हालत दिन-ब-दिन इतनी खराब होती जा रही है कि वह अब किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। बरसात के इस मौसम में जर्जर भवन जानलेवा बन चुका है, फिर भी यहां तैनात महिला स्वास्थ्यकर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना सेवा में डटी हुई हैं, जो अपने आप में एक साहसिक कार्य है। गत दिवस की एक घटना ने भवन की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया। उप स्वास्थ्य केंद्र में निवासरत एक महिला स्वास्थ्यकर्मी, जो अपने परिवार सहित इसी भवन में रहती हैं, जब रोजमर्रा के कामों के बाद अपने कमरे में बैठी थीं, तभी अचानक छत का प्लास्टर भर भराकर नीचे गिर गया। यह महज एक संयोग था कि उस समय वे कुछ इंच की दूरी पर थीं, जिससे उनकी जान बच गई। अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। स्वास्थ्य केंद्र के बाहरी हिस्से को हाल ही में रंग-रोगन से सजाया गया है, जिससे वह देखने में तो सुंदर प्रतीत होता है, परंतु अंदर की स्थिति अत्यंत दयनीय और खतरनाक है। छत जगह-जगह से टपक रही है, दीवारें सीलन और दरारों से भरी हुई हैं, तथा प्लास्टर झड़ने से अंदरूनी दीवारें पूरी तरह उखड़ चुकी हैं। ऐसे हालातों में स्वास्थ्यकर्मियों के लिए यहाँ निवास करना ही नहीं, बल्कि मरीजों की सेवा करना भी एक गंभीर खतरे से कम नहीं है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस गंभीर स्थिति को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया है। ग्राम पंचायत पोलमी के उपसरपंच रामनाथ करायत ने बताया कि कई बार अधिकारियों को इस जर्जर भवन के बारे में जानकारी दी गई, परंतु अभी तक मरम्मत की कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस केंद्र की मरम्मत नहीं कराई गई, तो कोई अप्रिय हादसा होना तय है।




#### उपस्वास्थ्य केन्द्र ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवा की रीढ़

भवन की तत्काल मरम्मत अथवा नया भवन निर्माण, स्वास्थ्यकर्मियों के वैकल्पिक सुरक्षित आवास की व्यवस्था, बरसात के मौसम में विशेष निगरानी एवं सुरक्षात्मक उपाय हजारो लोगो को मिलता है इलाज पोलमी का उप स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ है, और इसके माध्यम से हजारों लोगों को इलाज मिल रहा है। परंतु जर्जर भवन की उपेक्षा न केवल कर्मचारियों बल्कि मरीजों की जान को भी जोखिम में डाल रही है। अतः शासन-प्रशासन को चाहिए कि वे इस दिशा में त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्र की यह अहम स्वास्थ्य सेवा निर्बाध रूप से जारी रह सके।

**खबर संक्षेप**

### भेण्ड्रानवागांव में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**कवर्धा।** विकासखंड स.लोहारा के वनांचल भेण्ड्रानवागांव में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में गत दिनो शाला प्रवेशात्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों को शासन की योजना के तहत पाठ्यपुस्तक, शाला गणवेश का वितरण किया गया वहीं नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य आशाराम गोपाल नेताम, सरपंच सोनी संतोष साहू, सचिव रतन साहू, डाकवर सिंह मेरावी, शोभनाथ साहू, कपिल दास मानिकपुरी, प्रधान पाठक गोतर राम राडकर श्रीमती यामिनी मरकाम, बोधन राम वर्मा श्रीमती उत्तरी बाई आदि उपस्थित थे।

# छिंदीडीह वनांचल में बाघ की दस्तक से दहशत, अब तक दो मवेशियों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया से लगभग 50 किलोमीटर दूर छिंदीडीह वन क्षेत्र में बाघ की संभावित मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

हाल के दिनो में क्षेत्र में एक गाय और एक बकरी के किसी वन्य प्राणी द्वारा शिकार किए जाने की घटना सामने आने के बाद क्षेत्रवासियों की दहशत और ज्यादा बढ़ गई है। इस स्थिति में जंगल से सटे गांवों में अब पशु चराने जाना भी खतरे से खाली नहीं रह गया है। छिंदीडीह क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी की खबर मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शिकार की जगह से मिले पदचिन्हों की जांच शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने बीते दो-तीन रातों से जंगल की तरफ अजीब सी आवाजें सुनी थीं और कुछ लोगों ने किसी बड़े जानवर की हलचल भी देखी थी। एक किसान की गाय और एक अन्य महिला की बकरी को अज्ञात जंगली जानवर द्वारा शिकार बनाया गया, जिसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने अब बाघ की मौजूदगी की जांच शुरू कर दी है।





**वन विभाग ने किया मौका मुआयना, की जा रही जांच**

वन अमले ने मौके पर पहुंचकर शिकार की गई जगह का निरीक्षण किया और आस-पास मिले पैरों के निशान की जांच कर विशेषज्ञों से पुष्टि कराने की प्रक्रिया शुरू की है। इस मामले पर कवर्धा डीएफओ निखिल अग्रवाल ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमला बाघ ने किया या तेंदुए ने, लेकिन दोनों ही स्थितियां संभावित हैं। उन्होंने बताया कि पदचिन्हों के आधार पर जांच की जा रही है, जिसकी रिपोर्ट के बाद ही यह तय होगा कि शिकार किस जानवर ने किया है।

**विभाग ने क्षेत्र में कराई मुनादी, सतर्क रहने की अपील**

सावधानी के तौर पर वन विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र में मुनादी कराई है और लोगों से अपील की गई है कि वे आवश्यक कार्य के बिना जंगल की ओर न जाएं और रात के समय मवेशियों को घर से बाहर न छोड़े। वहीं, वन अमला लगातार गश्त कर रहा है और कैमरा ट्रैप सहित अन्य तकनीकी संसाधनों के माध्यम से निगरानी तेज कर दी गई है। इस घटना ने वनांचल के लोगों को पशु-धन और स्वयं की सुरक्षा को लेकर सतर्क कर दिया है। वहीं, अब प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ वन विभाग पर भी दबाव बढ़ गया है कि जल्द से जल्द हमलावर वन्य प्राणी की पहचान कर उसकी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र को संभावित खतरे से बचाया जा सके।

**मौत:** चरोटा भाजी तोड़ने और रोपा लगाने के दौरानी आकाशीय बिजली की चपेट में आई महिलाएं

# अलग-अलग गांवों में बज्रपात तीन महिलाओं की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/कुई

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच बीते मंगलवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनो महिलाएं अपने घर पास के जंगल में चरौंटा भाजी तोड़ने गई थी और वे इसी दौरान जीवलेवा आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। इस हृदय विदारक घटना की जानकारी मृतकों के परिजनो को घटना के दूसरे दिन यानी बुधवार की सुबह मिली। जिसके बाद उन्होने घटना से कुकदुर पुलिस को अवगत कराया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत मंगलवार की शाम कुकदुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम भलिनदादर निवासी रामबाई पति भगतराम आयु 35 वर्ष तथा तिहारी बाई पति जनक सिंह आयु 40 वर्ष अपने घर से लगे वाहपानी जंगल के पास शाम करीब 4.00 बजे चरौंटा भाजी तोड़ने के लिए गई थी। इसी दौरान अचानक बदले मौसम के बीच झमाझम बारिश शुरू हो गई। बताया जाता है कि दोनो महिलाएं बारिश से बचने के लिए पास लगे चार पेड़ के नीचे छिप गई। लेकिन उन्हें इस बात का जरा भी आभास नहीं था कि पेड़ की छांव उनके लिए जीव लेवा सावित हो सकती थी। इससे पहले की बारिश थमती और महिलाएं पेड़ के नीचे हट पाती अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सीधे महिलाओं के ऊपर जा गिरी। जिसकी चपेट में आने से दोनो महिलाओं की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की किसी को भी कोई जानकारी नहीं थी। देर शाम जब महिलाएं अपने घर नहीं लौटी तो उनके परिजनो ने उनकी खोजबीन शुरू की। लेकिन परिजनो की माने तो काफी मसक्कत के बाद भी महिलाओं का कोई सुराग नहीं मिला। रात गहराने कारण परिजनो ने निर्णय लिया कि अब वे महिलाओं की खोज बुधवार की सुबह करेंगे और परिजन बुधवार की सुबह एक बार फिर महिलाओं की खोज में निकल गए। काफी खोजबीन के बाद उन्हें दोनो महिलाओं के शव ग्राम वाहपानी के पास पड़े मिले जिसकी सूचना उन्होने तत्काल कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं के शवों को बरामद कर मर्ग कायम कर लिया तथा पोस्ट मार्टम के बाद शवों को परिजनो को सौंपा दिया गया।



**घोवराटोला में गई बालिका की जान**



कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम भलिनदादर की ही तरह तरेगांव जंगल थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत मुड़घुसरी के आश्रित ग्राम घोवराटोला में भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 16 वर्षीय बालिका की मंगलवार को मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम घोवराटोला निवासी रामप्यारी पिता रहमू बैगा आयु 16 वर्ष मंगलवार की शाम करीब 4.00 बजे खेत में धान का थरहा लगा रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान तेज गर्जना के साथ गिरी आकशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि उसके साथ में मौजूद एक अन्य युवति गंभीर रूप से झुलस गई जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# आबकारी विभाग के प्लेसमेंट कर्मचारी पुलिस प्रशासन के खिलाफ लामबंद

## आबकारी विभाग के कर्मचारी की बेवजह गिरफ्तारी का किया विरोध

- गिरफ्तार कर्मचारी की रिहाई तथा केस वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के ग्राम कुण्डा में संचालित सरकारी शराब दुकान में कार्यरत एक प्लेसमेंट कर्मचारी की कुण्डा पुलिस द्वारा तथा कथित अवैध शराब बिक्री के मामले में की गई गिरफ्तारी के बाद आबकारी विभाग तथा पुलिस विभाग के बीच ठन गई है और जिलेभर की सरकारी शराब दुकानों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी सेल्समेन व सुपरवाइजरों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

प्लेसमेंट कर्मचारियों का आरोप है कि कुण्डा सरकारी शराब दुकान में पदस्थ प्लेसमेंट कर्मचारी की गिरफ्तारी बेवजह कर पुलिस ने उसके साथ मारपीट की है। इस मामले को लेकर जिलेभर की शराब दुकानो में पदस्थ प्लेसमेंट कर्मचारियों ने बुधवार को जिला कार्यालय तथा विधायक कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर तथा डिप्टी सीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपकर निर्दोष कर्मचारी को तत्काल रिहा करने, उसके विरूद्ध की गई एफआईआर को वापस लेने तथा मारपीट करने वाले दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में शराब दुकान के प्लेसमेंट कर्मचारी देव प्रसाद डहरिया सहित अन्य ने बताया कि मंगलवार को कुण्डा पुलिस ने अवैध शराब के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।

जिसके बाद जांच करते हुए पुलिस ने कुण्डा की सरकारी शराब दुकान में कार्यरत प्लेसमेंट सुपरवाइजर प्रशांत चतुर्वेदी को गिरफ्तार कर लिया और उसे रातभर थाना में रखकर उसके साथ मारपीट की गई, जबकि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों और आबकारी अधिकारियों की जांच में कोई अनियमितता नहीं पाई गई।

सुपरवाइजर प्रशांत चतुर्वेदी ने आबकारी विभाग की नियमावली के अनुसार शराब बिक्री की है। कर्मचारियों का कहना है कि यह कार्रवाई न केवल बेबुनियाद है, बल्कि असंवैधानिक भी है। इससे शराब दुकान में काम कर रहे सभी कर्मचारियों में भय का माहौल बन गया है। उनका कहना है कि अगर आज एक कर्मचारी के साथ ऐसा हुआ है, तो कल किसी और के साथ भी यह हो सकता है। अपनी मांगों को लेकर जिला व विधायक कार्यालय में प्रदर्शन करने पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनके साथी सुपरवाइजर के खिलाफ की गई कार्रवाई को तत्काल वापस नहीं किया गया और उसे रिहा नहीं किया गया, तो वे जिले की सभी शासकीय शराब दुकानों में शराब की बिक्री बंद कर देंगे। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

### जिले के 53 सहायक ग्रेड-3 व भृत्य के परिवीक्षा समाप्ति आदेश जारी



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यरत जिले के 53 सहायक ग्रेड-3 व भृत्य की परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश जारी हो गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के अनुसार किसी सेवा या पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किसी भी व्यक्ति को प्रथमतः तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखे जाने का प्रावधान है। इसके अंतर्गत एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक अनुकंपा नियुक्ति से नियुक्त सहायक ग्रेड-3 व भृत्य को निर्धारित परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद परिवीक्षा अवधि समाप्त किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 9 जुलाई 2025 को जारी आदेश के अनुसार जिले में कार्यरत 39 सहायक ग्रेड-3 व 14 भृत्य का नाम शामिल है। इस आदेश के बाद अब इन्क्रीमेंट सहित अन्य लाभ प्राप्त हो सकेगा। ज्ञातव्य हो कि टीचर्स एसोसिएशन के जिला प्रतिनिधिमंडल ने विगत 30 जून को डीईओ से मुलाकात कर परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश अविलंब जारी करने की मांग किया था, जिसके बाद यह आदेश जारी किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि ने परिवीक्षा अवधि समाप्ति हेतु डीईओ, समस्त बीईओ, डीडीओ प्राचार्य सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संबंधित सहायक ग्रेड-3 व भृत्य को बधाई दिया है।

# मांगों को लेकर एनएचएम कर्मियों का प्रदेश स्तरीय चरणबद्ध विरोध-प्रदर्शन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदेश के 16,000 से अधिक संविदा एनएचएम कर्मी एक फिर अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर जाते दिखाई दे रहे हैं।

कबीरधाम जिले में पदस्थ एनएसएम कर्मचारियों की माने तो छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले 10 जुलाई से सिलसिलेवार विरोध-प्रदर्शन की शुरुआत करेंगे। आंदोलन की पृष्ठभूमि में वर्षों से लंबित 10 सूत्रीय मांगों का निराकरण न होना प्रमुख कारण है। कर्मचारियों ने बताया कि संघ की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण, स्थानांतरण नीति लागू करना, सेवा शर्तों में सुधार, अन्य विभागों के समकक्ष सुविधाएं सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दो वर्षों में संघ ने शासन-प्रशासन के हर स्तर पर संवाद के प्रयास किए, किंतु कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। अब संविदा कर्मियों के धैर्य का बांध टूट चुका है। यह आंदोलन चेतावनी नहीं, समाधान की मांग है। प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने स्पष्ट किया कि मोदी की गारंटी जैसे वादों के बावजूद संविदा कर्मियों की मांगों की अनदेखी यह दर्शाती है कि व्यवस्था संवेदनहीन हो चुकी है। यदि अब भी निर्णय नहीं लिया गया तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

**आज विधायकों को सौंपेगे ज्ञापन**

संघ के चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत 10 जुलाई को विधायकगण को ज्ञापन सौंपने से होगी। 11 जुलाई को भाजपा जिलाध्यक्षों को मांग-पत्र सौंपा जाएगा। 12 से 16 जुलाई तक कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया जाएगा। 16 जुलाई को विशेष ज्ञापन दिवस के बाद 17 जुलाई को रायपुर चलो को अंजाम दिया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक प्रभाव पड़ सकता है, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### मत्स्यिकी महाविद्यालय में आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्व. श्री पुनाराम निषाद मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा में 10 जुलाई को सुबह 11 बजे राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस मनाया जाएगा।

इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सहकार भारती मत्स्य प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़, मछली पालन विभाग एवं मात्स्यिकी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में आज महाविद्यालय परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य मछुवा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में राधेश्याम चंद्रवंशी (प्रदेशाध्यक्ष, सहकार भारती छत्तीसगढ़) एवं रामधन सिंह (सहायक संचालक, मछली पालन विभाग, कबीरधाम) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एमके गेंदले द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में समन्वयक डॉ एन. सारंग (स्व. पुनाराम निषाद मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा), सह -समन्वयक नरेश मल्लाह (प्रांत संयोजक सहकार भारती मछवा प्रकोष्ठ छ. ग.) उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मत्स्य कृषकों को प्रोत्साहित करने, उनके अनुभव साझा करने और नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

**न्यायालय में ठोस साक्ष्यों के साथ किया जाएगा पेश, जुटाए जा रहे साक्ष्य**

# डॉक्टर दंपत्ति हत्याकांड : पुलिस ने आरोपी के साथ किया घटनास्थल पर सीन रीक्रिएशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रामनगर में वर्ष 2017 में हुए चर्चित डॉक्टर दंपत्ति हत्याकांड की गुत्थी अब सुलझने की कगार पर है। मंगलवार को पुलिस ने मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी को लेकर घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम का सीन रीक्रिएशन किया। यह कार्रवाई दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुई और करीब एक घंटे तक चली। पुलिस ने रामनगर स्थित उस मकान को चारों तरफ से घेरकर पहले पूरी तरह सुरक्षित किया, फिर आरोपी को उसी रास्ते से घर के भीतर ले जाया गया, जिस रास्ते से वह कथित रूप से आठ साल पहले दाखिल हुआ था। मौके पर पुलिस ने हत्या से जुड़े हर पल, हर क्रिया को दोहरवाया। डॉक्टर दंपत्ति के बीच किस बात को लेकर कहासुनी हुई, कैसे गुस्सा बढ़ा, किस क्रम में घटनाएं घटीं और किस तरह डॉक्टर और फिर उनकी पत्नी की हत्या की गई। इस सीन रीक्रिएशन के दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, एसडीओपी कृष्ण कुमार चंद्राकर और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम मौजूद रही। तकनीकी विशेषज्ञों ने पुराने सबूतों की पुष्टि के लिए घटना स्थल से जुड़े रक्त के धब्बों, संघर्ष के चिन्हों और आरोपी के भागने की दिशा को बारीकी से जांचा। पुरानी तस्वीरों से साक्ष्यों का मिलान किया गया। एफएसएल टीम ने इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की, जिससे इसे न्यायालय में एक मजबूत तकनीकी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। पुलिस के अनुसार, आरोपी के बयान और घटनास्थल के हालातों में कई अहम समानताएं मिली हैं, साथ ही कुछ नई जानकारियां भी सामने आई हैं, जो अब तक की विवेचना में सामने नहीं आई थीं। ज्ञात हो कि वर्ष 2017 में रामनगर निवासी प्रतिष्ठित डॉक्टर दंपत्ति की घर में बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। यह मामला वर्षों तक रहस्य बना रहा, लेकिन कबीरधाम पुलिस की सतत निगरानी और गहन अनुसंधान से अब इसकी परतें खुलने लगी हैं। पुलिस अब इस बहुचर्चित हत्याकांड को न्यायालय में ठोस साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत करने की तैयारी में जुट गई है, जिससे आरोपी को उसके अपराध की सजा दिलाई जा सके।



# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पिपरिया इकाई ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 77 वां स्थापना दिवस पिपरिया नगर ईकाई द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर अभाविप के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस संबंध में विनय साहू नगर मंत्री, नगर सह मंत्री पोखराज साहू, आलोक देवांगन, विजय साहू लोकेश चंद्रवंशी, ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 77 वां स्थापना दिवस के अवसर पर पिपरिया नगर ईकाई द्वारा विद्यार्थियों की उपस्थिति में ध्वज रोहण किया गया तत्पश्चात नगर के विभिन्न स्थानो में छायादार और फलदार पौध रोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर बड़ी संख्या में अभाविप के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित थे।